संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 04 अगस्त 2023 | ₹ | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 207 पृष्ठ: 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। इसके बाद ज्ञानवापी परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

## फास्ट न्यूज

### केंद्र ने लैपटॉप और टैबलेट के आयात पर लगाया अंकुश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यूएसएफएफ) कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर अंकुश लगा दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात को तत्काल प्रभाव से अंकुश की श्रेणी में डाल दिया गया है। इस कदम का मकसद चीन जैसे देशों से आयात घटाना और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना है। इस अधिसूचना के मुताबिक शोध एवं विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग और मूल्यांकन, मरम्मत और वापसी तथा उत्पाद विकास के उद्देश्य से प्रति खेप अब 20 वस्तुओं तक आयात लाइसेंस की छूट रहेगी। किसी उत्पाद के आयात को अंकुश की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी।

### मणिपुर मुद्दा: गोयल और प्रह्लाद जोशी ने खड़गे से की मुलाकात

नई दिल्ली। मणिपुर मुद्दे पर संसद में चर्चा हो सके इसके लिए सत्ता पक्ष विपक्ष के साथ सहमति बनाने में लगा है। इस संबंध में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने के लिए संसद भवन स्थित उनके दफ्तर पहुंचे थे। इस दौरान सत्ता पक्ष के दोनों नेताओं ने मणिपुर पर चर्चा को लेकर खड़गे से लंबी बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की है। असल में विपक्ष मणिपुर मुद्दें पर लगातार चर्चा की मांग कर रहा है। विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में खुद मणिपुर मुद्दे पर जवाब दें। लेकिन सत्ता पक्ष का कहना है कि मणिपुर मुद्दें पर नियम के तहत गृह मंत्री अमित शाह जवाब देंगे। विपक्ष इस बात को मानने को तैयार नहीं है। इसलिए दोनों सदनों में इस मुद्दे को लेकर चर्चा नहीं हो पा रही है। अब सत्ता पक्ष विपक्ष के साथ मिलकर मुद्दे का समाधान निकालने की पहल में जुटा है। इस मुद्दे को लेकर खुद राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भीआज सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी।

# ज्ञानवापी का आज से होगा एएसआई सर्वे

## हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की, कहा- न्याय के लिए सर्वे जरूरी है

**इजाजत**

**8 फैसले के बाद वाराणसी में एएसआई टीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई, सुरक्षा चाक चौबंद की गई**

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज करते हुए सेशन कोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का ऑर्डर दिया। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद वाराणसी में अरकटीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई। डीएम एस. राजलिंगम ने बताया कि शुक्रवार से दोबारा सर्वे शुरू होगा। अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करिए, लेकिन बिना खुदाई किए। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य वादी पक्षकार राखी सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केविएट याचिका दाखिल कर दी गई है। उधर, मुस्लिम पक्ष के वकील मुमताज अहमद ने कहा कि वह अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने एएसआई से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू नहीं करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से लगातार दो दिन बहस चली थी।



### क्या है ज्ञानवापी विवाद?

**ज्ञानवापी** परिसर के स्वामित्व को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल 5 याचिकाएं दाखिल हैं। राखी सिंह और तीन अन्य महिलाओं ने वाराणसी कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित स्वयंभू विश्वेश्वर नाथ मंदिर के स्वामित्व को लेकर सिविल वाद दायर किया है। वाराणसी जिला और सत्र न्यायालय ने इस मामले में 8 अप्रैल 2021 को ज्ञानवापी का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मस्जिद की इंतजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। तर्क है कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत सिविल वाद नहीं बनता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि चूंकि भगवान विश्वेश्वर स्वयंभू हैं।

### 'ऐसे अनगिनत साक्ष्य जो हिंदू मंदिर बताते हैं'

**सीनियर** एडवोकेट हरिशंकर जैन ने कहा, "वहां ऐसे अनगिनत साक्ष्य मौजूद हैं जो बताते हैं कि यह एक हिंदू मंदिर था। एएसआई सर्वे से तथ्य सामने आएंगे। मुझे यकीन है कि असली 'शिवलिंग' वहां मुख्य गुंबद के नीचे छुपाया गया है। इस सच्चाई को छुपाने के लिए वे (मुस्लिम पक्ष) बार-बार आपत्ति जता रहे हैं। वे जानते हैं कि इसके बाद यह मस्जिद नहीं रहेगी और वहां भव्य मंदिर बनने का रास्ता साफ हो जाएगा।"

### 'आदिविश्ववेश्वर का जलाभिषेक करूंगी'

**किन्नर** महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के आदेश के बाद काशी विश्वनाथ पहुंचीं। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को सही बताते हुए इसे सत्य की जीत कहा। मंदिर गेट से शंखनाद किया।
इस दौरान कहा कि वह जल्द ही आदिविश्ववेश्वर का जलाभिषेक करेंगी। त्रिशूल लेकर हर-हर महादेव का जयघोष किया।




13वें ऑर्गन डोनेशन डे पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया शामिल हुए।

### अब दुश्मन के विमानों को नष्ट करने के बाद ही दम लेगी आकाश-एनजी मिसाइल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली का पहला रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर (आरएफ सीकर) डीआरडीओ को सौंप दिया। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ सीकर उत्पादन की क्षमता वाली वैश्विक कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश एनजी को सफलतापूर्वक किसी भी दुश्मन के विमान पर तब तक लॉक कर सकता है, जब तक वह नष्ट न हो जाए। डीआरडीओ ने 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

## मजबूरी में हुआ इंडिया अलायंस का गठबंधन: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार रात को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 48 सांसदों के साथ मीटिंग की। रिपोर्ट्स के मुताबिक संसद की एनेक्सी बिल्डिंग में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा है कि गरीब ही सबसे बड़ी जाति है, उनके लिए काम करो। उन्होंने यह भी कि केंद्र सरकार ने आम लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सरकार का लक्ष्य गैर-बीजेपी शासित राज्यों में राज्य मशीनरी की मदद के बिना इन योजनाओं का लाभ जनता को देना है। मीटिंग के दौरान विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मजबूरी में किया गया है। एक भी विपक्षी सांसद आपको इंडिया का मतलब नहीं बता सकता।

**लोकसभा चुनाव की एक्टिव प्रिपरेशन करें:** करीब एक घंटे तक चली बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जितना संभव हो सके अपने संसदीय क्षेत्र में रहें। उन्होंने सांसदों को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सक्रिय तैयारी शुरू करने की सलाह भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के 9 साल पूरे होने पर जो 'जन संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है, उसे लगातार आगे बढ़ाना है और पूरे जोश के साथ काम करना है क्योंकि चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं।

**साधा निशाना**

**8 प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा है कि गरीब ही सबसे बड़ी जाति है, उनके लिए काम करो**

**एक दिन में 2 क्लस्टर की दो मीटिंग:** पीएम मोदी ने पहले महाराष्ट्र भवन में उत्तर प्रदेश के काशी और अवध क्षेत्र के एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। क्लस्टर-3 बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह और अनुप्रिया पटेल और महेंद्र नाथ पांडे शामिल हुए। क्लस्टर 4 की दूसरी मीटिंग में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप और लक्षदीप के सांसद मौजूद रहे।

### सदन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए लोकसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष गुरुवार को सदन की कार्यवाही में सम्मिलित हुए। वह दिल्ली से जुड़े विधेयक पर चर्चा की शुरुआत के दौरान सदन में उपस्थित रहे। इससे पहले कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें संरक्षक बताते हुए उनकी उपस्थिति का अनुरोध किया था। लोकसभा की कार्यवाही सुबह थोड़े समय चलने के बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, एनसीपी की सुप्रिया सुले, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, बीएसपी के रितेश पांडे, भाजपा के राजेंद्र की से मुलाकात की और उनसे सदन में आने का आग्रह किया और सदन की गरिमा बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## मणिपुर के बिष्णुपुर में हिंसक झड़प, 17 लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर में** मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 17 लोग घायल हो गए।
रिपोर्ट के मुताबिक, बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया। असम राइफल्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर महिलाएं सुरक्षाबलों पर पथराव करने लगीं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े। झड़प के बाद इंफाल और पश्चिमी इंफाल में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई है। मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोगों के शव इंफाल और चुराचांदपुर के अस्पतालों की मॉच्युरी में रखे हैं। गुरुवार को चुराचांदपुर के लम्का शहर के तुईबोंग शांति मैदान में कुकी समुदाय के 35 लोगों के शवों को दफनाया गया।



**शवों को बाहर दफनाने की अफवाह फैली तो सुरक्षा बढ़ी:** बुधवार रात एक अफवाह फैली थी कि कुछ कुकी-जो लोगों के शव दफनाने के लिए बाहर ले जाए जा सकते हैं। इसके बाद इंफाल में रीजनल आयुर्विज्ञान संस्थान और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान दो अस्पतालों के पास भीड़ जमा हो गई।

**हंगामा**

**8 मैतेई समुदाय ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया, जवाब में असम राइफल्स ने हवाई फायरिंग की**

## 370 पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन भी हुई सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जम्मू**-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन की सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले पांच जजों में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता है। इसके जवाब में जस्टिस खन्ना ने कहा कि इस आर्टिकल का सेक्शन ऐसा नहीं कहता। इसके बाद सिब्बल ने कहा, 'मैं आपको दिखा सकता हूं कि आर्टिकल 370 स्थायी है।' आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब अदालत ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

**दलील**

**8 कपिल सिब्बल की दलील- आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता, ये संविधान में स्थायी**

**2 अगस्त- पहले दिन की कार्यवाही:** बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि आर्टिकल 370 खुद ही अपने आप में अस्थायी और ट्रांजिशनल है। क्या संविधान सभा के अभाव में संसद 370 को निरस्त नहीं कर सकती? इस पर जवाब देते हुए सिब्बल ने कहा था कि संविधान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर से 370 को कभी हटाया नहीं जा सकता।

## राजस्थान: गैंगरेप कर नाबालिग को भट्टी में जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/भीलवाड़ा**

**राजस्थान** के भीलवाड़ा में 14 साल की नाबालिग को कोयला भट्टी में जला दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले उसके साथ गैंगरेप भी हुआ था। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात 10 बजे का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है। नाबालिग के बड़े भाई ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे उसकी छोटी बहन बकरियां लेकर घर से निकली थी। शाम को करीब 3 बजे बकरियां घर लौट आईं, लेकिन बहन घर नहीं आई।



### कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार दिया है। उनका कार्यकाल 30 अगस्त को समाप्त होने जा रहा था। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने 1982 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी गौबा के एक साल के सेवा विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। गौबा को लगातार तीसरी बार सेवा विस्तार दिया गया है।

## 'मणिपुर मामले पर बीजेपी फेल हुई'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**शिव** सेना (उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार (2 अगस्त) को विधान भवन में मीडिया से बातचीत करते समय मणिपुर और हरियाणा की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।
उन्होंने कहा, मैं सोच रहा हूं कि क्या यही राम राज्य है। मणिपुर की राज्यपाल एक महिला है, फिर भी महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। कहां है डबल इंजन सरकार।
उन्होंने कहा, मणिपुर में तीन महीने से तनाव की स्थिति है, जबकि सोमवार (31 जुलाई) को हरियाणा में भी दो गुटों में विवाद हो गया है। सरकार वहां क्या कर रही है। भाजपा अपने ही राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है, इसलिए ये हिंदू राष्ट्र नहीं है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री इंडिया गठबंधन की मीटिंग को लेकर भी बोले, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की मीटिंग अगस्त के आखिरी महीने या सितंबर की शुरूआत में हो सकती है।



**निशाना बनाया**

**8 मणिपुर की राज्यपाल एक महिला फिर भी महिलाओं पर अत्याचार, ये हिंदू राष्ट्र नहीं**

**बिल** स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे

## लोकसभा में दिल्ली बिल पास, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश बिल पर बात रखी। शाह ने कहा कि 2015 में दिल्ली में जिस दल की सरकार आई, उसका मकसद सेवा करना नहीं, झगड़ा करना था। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार यानी 3 अगस्त को 11वां दिन था। लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। शाह ने कहा कि मैंने तारीफ नहीं की। आपको लगता है तो मान लीजिए।



**सुबह सदन नहीं पहुंचे थे ओम बिड़ला:** लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला गुरुवार सुबह सदन नहीं पहुंचे थे। बताया गया कि वे नाराज हैं। स्पीकर 2 अगस्त को भी सदन में नहीं आए थे। जैसे ही 11 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो स्पीकर के आसन पर उनकी जगह राजेंद्र अग्रवाल ने सदन की अध्यक्षता की। कुछ समय बाद विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अग्रवाल से बिड़ला के बारे में बात की। कहा कि वे हमारे संरक्षक, हम उनके मुरीद हैं, हमारी अपील है कि वे वापस आ जाएं। इसके बाद दोपहर 2 बजे की कार्यवाही में ओम बिड़ला आसंदी पर बैठे। दिल्ली ना तो पूरी तरह राज्य है और ना ही पूरी तरह संघ शासित प्रदेश। संसद को आर्टिकल 239 अअ के तहत दिल्ली के मुद्दे पर संसद में कानून बनाने का अधिकार है। पं नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (सी राजगोपालाचारी), राजेंद्र प्रसाद और डॉ. अंबेडकर ने इस बात का विरोध किया कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। नेहरू ने कहा था कि दिल्ली में तीन चौथाई संपत्ति केंद्र सरकार की है, इसलिए इसे केंद्र के अधीन रखा जाए।

**आप को झटका**

**8 एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है : अमित शाह**

# वन संपदा को हुए नुकसान बारे जानने नाहन पहुंचे खाची

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल** प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची सिरमौर में भारी बारिश से वन संपदा को हुए नुक्सान का जायजा लेने के आज बुधवार को नाहन पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने पिछले कल सोलन जिला में नुक्सान का जायजा लिया था। वन विकास निगम के उपाध्यक्ष ने नाहन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर वह वन संपदा के नुकसान की जानकारी हासिल करने के लिए सिरमौर प्रवास पर आये हैं। उन्होंने कहा कि वन संपदा को हुए नुक्सान की जानकारी हासिल कर वह दौरे की रिपोर्ट से मुख्यमंत्री को अवगत करवायेंगे। खाची ने कहा कि भारी बारिश से प्रदेश में करोड़ों-अरबों रुपए का नुक्सान हुआ है जिसमें वन



भूमि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण वन्य भूमि का अत्याधिक कटाव हुआ है जिससे वन संपदा को बहुत नुक्सान हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से सभी प्रशासनिक, लोक निर्माण व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि भारी बारिश के कारण बंद सडकों को तुरंत खोला जाये। सरकार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राहत राशि को समय पर प्रभावितों तक पहुंचाया जाये। उन्होंने कहा कि नुकसान तथा राहत राशि की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों से भी प्राप्त की जा रही है। खाची ने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में आई आपदा को देखते हुए जानमाल के लिये खतरनाक पेड़ों को नियमानुसार तुरंत हटाने अथवा इनकी छंटाई के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में पर्यटन, वन और जल की अच्छी परियोजनाओं से प्रदेश आत्म निर्भर बन कर उभरेगा। इससे जहां प्रदेश की आर्थिक दशा सुदृढ़ होगी वहीं पर प्रदेश में रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे।

**उभरेगा**

▶▶ हिमाचल में पर्यटन, वन और जल की अच्छी परियोजनाओं से प्रदेश आत्म निर्भर बन कर उभरेगा

# डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में त्रिदिवसीय वैदिक चेतना शिविर का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**गुरुवार** को डीएवी विद्यालय चम्बा में शुरू हुए त्रिदिवसीय वैदिक चेतना शिविर का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया जिसका आयोजन 5 अगस्त, 2023 तक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक यज्ञ से हुई जिसमें शिक्षकों सहित सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा नरेंद्र कुमार शास्त्री तथा यज्ञ के यजमान सुमन कुंद्रा रही। यज्ञ की शोभा को बढ़ाते हुए विद्यालय के संगीत अध्यापक विकास तथा उनके सहयोगी शिक्षकों द्वारा वैदिक भजन संकीर्तन भी आयोजित



किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी चक्रांश तथा आर्य समाज के मंत्री उपस्थित रहे। तत्पश्चात शिविर में भाग ले रहे सभी विद्यार्थियों के लिए योग, संगीत, कला और शिल्प व खेलकूद से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ बढ़-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी चक्रांश ने तथा आर्य समाज के मंत्री विक्रमादित्य ने बच्चों को यज्ञ का महत्त्व बताते हुए प्रतिदिन यज्ञ करने तथा वेद ज्ञान से लाभान्वित होने की प्रेरणा दी।

## न्यूज फ्लैश

### कून का तर में बहे पुल का शीघ्र हो निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अध्यक्षता में पिछले कल मंडी में आयोजित हुई आपदा पुनर्वास बैठक ने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरुशरण परमार ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर मांग की कि जोगिंद्रनगर के निचले क्षेत्रों 3 लोगों को कून का तर मैं भारी बरसात के कारण पुल बह जाने के कारण लोगों का मंडी से संपर्क टूट गया है जिस कानून में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि इस पुल का निर्माण अतिशीघ्र किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। परमार ने विक्रमादित्य सिंह से यह भी मांग की कि जोगिंद्रनगर डिपो से जालंधर के लिए शीघ्र बस सेवा शुरू की जाए ताकि जालंधर में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों राधा स्वामी सत्संग ब्यास जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। मंत्री ने उन्हें इन मांगों को त्वरित पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मंडी जिला में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूल में वर्ष 2023-24 में पांचवी कक्षा में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2024-25 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्राचार्य एसडी शर्मा ने पांचवी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के अभिभावकों व संबधित पाठशालाओं के मुख्याध्यापकों से आग्रह किया कि वे इच्छुक विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त, 2023 है। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थी अपनी फ ोटोग्राफ , हस्ताक्षर, माता-पिता के हस्ताक्षर, आधार/आवासीय प्रमाण पत्र एवं मुख्याध्यापक द्वारा जारी निर्धारित परिपत्र 10 से 100 केबी के बीच काहो, पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। आवेदन के लिए अधिक जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति की वैबसाइट या जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह की वैबसाइट का अवलोकन करें। इसके अतिरिक्त विद्यालय के दूरभाष नम्बर 01905-282046, 8219207178,9805319303 और 9418160145 पर किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा 04 नवम्बर को 11:30 बजे निर्धारित की गई है।

### देश के डाकघरों में उपलब्ध होगा, आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा झंडा

टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। आजादी के अमृत महोत्सव पर पिछले वर्ष हुई हर घर तिरंगा अभियान की अपार सफ लता जिसने देश के 23 करोड़ परिवारों ने अपने घरों की छतों में तिरंगा लहराया था, और 6 करोड लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फ ी लेकर एचजीटी की वेबसाइट पर लोड की थी। डाक विभाग को इस तिरंगा अभियान को सफ ल बनाने का अहम रोल निभाया था और देश के अंतिम छोर के डाकघरों तक लोगों के लिए तिरंगा उपलब्ध करवाया था। देशवासियों में इसी उत्साह की उमंग को देखते हुए देश के 1.6 लाख डाकघरों में तिरंगा झंडा की बिक्री सुनिश्चित की जा रही है और शीघ्र ही डाकघरों के माध्यम से यह बिक्री शुरू हो जाएगी ताकि लोग अपने घरों की छतों पर तिरंगा लहरा कर आजादी के अमृत महोत्सव को बना सकें।

### राज्य की पारिस्थितिकी को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना शुरू की है। प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में स्वीकृत इस योजना का लक्ष्य राज्य में वन क्षेत्र का विस्तार करना है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र और सामाजिक-आर्थिक जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस महत्त्वाकांक्षी योजना के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने नैसर्गिक सौंदर्य और जैव विविधता के लिए जाना जाता है। इस योजना के तहत राज्य की बंजर पहाडियों में वृक्षारोपण द्वारा भू-क्षरण जैसी समस्या से कुशलतापूर्वक निपटा जा सकता है।

# ढाबों मोहल्ला में बनेगी करोड़ों की लागत से पार्किंग: ज्ञान चंद

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**कांग्रेस** मंडल नाहन के अध्यक्ष ज्ञान चंद ने कहा कि शहर में बढ़ती पार्किंग की समस्या को देखते हुए जल्द ही ढाबों मोहल्ला में करोड़ों की लागत से पार्किंग का निर्माण किया जाएगा ताकि लोगों को पार्किंग की समस्या से निजात मिल सके। योजना को लेकर डीपीआर बनाकर सरकार को भेज दी गई है जिस पर जल्द ही कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारी बारिश की प्रदेश के साथ-साथ नाहन विधानसभा क्षेत्र में भी बहुत नुकसान हुआ है विधानसभा क्षेत्र की 80 प्रतिशत सडकें बाधित हो गई थी। विधायक के प्रयासों से इनमें से अधिकतर सडकों को बहाल कर



दिया गया है वही क्षतिग्रस्त बिजली की लाइनों को भी काफी हद तक दुरुस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नाहन शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य गिरी उठाऊ पेयजल योजना को भी एक दो दिन के भीतर दुरुस्त कर दिया जाएगा और पहले की भांति शहर को पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर रोड़ सेफ्टी क्लब के सदस्य नरेंद्र तोमर, अशोक सैनी, विजय ठाकुर, कपिल गर्ग और महिपत सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## सभी उपभोक्ता 15 अगस्त तक ई-केवाईसी नहीं कराते तो राशन बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। खाद्य** नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने जिला के सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि 15 अगस्त, 2023 तक किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर अपना ईकेवाईसी करवा लें ताकि सरकार द्वारा दिये जाने वाला सस्ता राशन उन्हें उपलब्ध हो सके। जिला नियंत्रक खाद्य एवं आपूर्ति सिरमौर विजय सिंह ने कहा कि जो उपभोक्ता निर्धारित तिथि तक अपना ईकेवाईसी नहीं करवायेगा उसे सरकार द्वारा दिये जाने वाला राशन नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता के हितों को देखते हुए ईकेवाईसी किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर करवाई जा सकती है।

# डीसी सुमित खिमटा ने रोटरी क्लब के पौधरोपण में लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने आज रोटरी क्लब नाहन सिरमौर हिल्स द्वारा पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत नाहन के नौणी का बाग में लाल व पीले चंदन के पौधे रोपित कर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सुमित खिमटा ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक माह से अधिक भारी बारिश के कारण भू-स्खलन और लैंड स्लाईड लगातार हो रही है और सिरमौर जिला में भी इससे भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह कहीं न कहीं पर्यावरण की उपेक्षा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति सचेत रहकर अधिक से अधिक पौध रोपण करना चाहिए। रोटरी क्लब के पौध रोपण अभियान के तहत लगभग 500 पौधे रोपे गए जिसमें चंदन, आंवला, जामुन व नीम इत्यादि के पौधे शामिल हैं। इन पौधों को पर्यावरण चैयरमेन रोटरी राजीव बंसल द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाया गए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश थापा ने उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा का पौधा रोपण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अभार जताया। उन्होंने क्लब की पर्यावरण से संबन्धित आगामी योजनाओ को सांझा किया। डा. सबलोक, सुशील अत्री, सचिव विभोर, प्रगति सबलोक, शिवानी थापा व कल्पना बंसल सहित इंनरव्हिल क्लासिक की अध्यक्षा भावना रत्न, सचिव रूबी सोलंकी सहित अन्य सदस्यों ने पौध रोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# पंचवत्र मंदिर के समीप शीघ्र करवाया जाए पुल का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** की विभिन्न संस्थाओं ने मंडी शहर में भारी बारिश से हुए नुकसान के पुनर्वाशन को लेकर जिला उपायुक्त अरिंदम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वीर मंडल के प्रधान चंद्रशेखर वैद्य ने कहा कि मंडी शहर के शिवा बावड़ी से पंचवक्त्र महादेव मंदिर तक तकरीबन 40 वर्ष पहले तत्कालीन केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री स्वर्गीय पंडित सुखराम ने शहरवासियों की मांग पर एक पुल का निर्माण करवाया था परंतु इस वर्ष व्यास



नदी में आई भयंकर बाढ़ के चपेट में आकर यह पुल धराशाई हो गया है। स्कूल का इस्तेमाल स्कूली बच्चे कटोला, बाड़ी गुमानु की तरफ से आने वाले लोग और अन्य मोहल्ले जैसे समखेतर, भगवान मोहल्ला, चौहटा बाजार, भूतनाथ गली, चंद्रलोक गली और पड्डल मोहल्ले के लोग प्रतिदिन अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुल के टूट जाने के कारण सभी व्यक्तियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर का सफ र तय करना पड़ता है जिससे बुजुर्गों और दिव्यांगों को भारी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मंडी की तकरीबन 20 संस्थाएं प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग करती है कि पंचवक्त्र महादेव मंदिर के समीप जल्द से जल्द पहले से भी बड़ा चौड़ा व ऊंचा पुल बनाया जाए और जब तक नए पुल का निर्माण नहीं हो

## डॉ. बिंदल से मिले रणधीर शर्मा, किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा।** भाजपा के नवनियुक्त कोर कमेटी के सदस्य एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल से शिष्टाचार भेंट की, उन्होंने इस मौके पर डॉ. राजीव बिंदल का अपनी भाजपा की कोर कमेटी के सदस्य हेतु नियुक्ति को लेकर धन्यवाद किया। रणधीर शर्मा ने इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन का भी धन्यवाद किया।

# तमलेड में राजेंद्र कुमार के दो मंजिला मकान को गिरने का खतरा

## बरसात के चलते डंगा धंसने से आंगन दोफाड़, परिवार चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भारी** बरसात के चलते गुम्हू पंचायत के तमलेड गांव में राजेंद्र कुमार का दो मंजिला मकान मकान के आंगन का डंगा धंसने से खतरे में है। इस मकान का डंगा स्वय ही मकान मालिक ने कुछ साल पहले लगाया था जो कि अब धंस रहा है और इसके धंसने से आंगन पूरी तरह से दो फ ाड़ हो चुका है। ऐसे में परिवार रोजाना बरसात को देखकर परेशान है कि कहीं डंगा पूरी तरह से ना धंस जाए और उनका मकान ढह ना जाए। उधर, परिवार का आरोप है कि कुछ साल पहले खड्डी से तमलेड रोड



का निर्माण पंचायत द्वारा करवाया गया था उस दौरान पंचायत ने भरोसा दिलाया था की घर के नीचे डंगा लगा देंगे लेकिन अभी तक डंगा नहीं लग पाया है। जो डंगा मकान मालिक ने जैसे तैसे अपनी पूंजी लगाकर दिया वह भी अब धंस रहा है। परिवार ने पंचायत से रोष जताया है कि अगर उनके मकान को डंगा जल्द नहीं लगा तो इसके लिए पंचायत ही जिम्मेदार होगी। परिवार की सदस्य सरोज ने कहा कि पिछले लंबे समय से बार-बार पंचायत में जा जाकर पंचायत प्रधान और प्रतिनिधियों को समस्या के बार में अवगत करवाया लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि मकान के खतरे को देखते हुए रोड से ही उनके मकान को डंगा लगाया जाए। उधर सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर से जब इस मर्तबा बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह शिमला में विधायक दल की बैठक में शामिल होने के लिए गए हैं तथा शीघ्र ही शिमला से आकर वह मकान का निरीक्षण करेंगे और जो भी यथावत सहायता की जरूरत होगी वह की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन को भी वह सूचित कर देंगे ताकि जल्दी घर के नीचे से डंगा लग जाए और घर सुरक्षित रह सके।

**खतरा**

▶▶ मकान मालिक ने कुछ साल पहले लगाया था जो कि अब धंस रहा है और इसके धंसने से आंगन पूरी तरह से दो फाड़ हो चुका है

# त्रिलोक जम्वाल भाजपा के लिए लोकसभा चुनावों में अहम साबित होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

संगठन में अच्छा अनुभव रखने वाले दोबारा कोर कमेटी में नियुक्ति हुए त्रिलोक जम्वाल भाजपा के लिए आगामी लोकसभा चुनावों में महत्वपूर्ण साबित होंगे। भाजपा संगठन में सौंपी गई विभिन्न जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे बिलासपुर सदर से भाजपा के युवा विधायक त्रिलोक जमवाल को उनके अनुभव के साथ ही पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठता का ईनाम मिला है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में बहुत कम आयु में अहम औहदे पर काम करना केवल योग्यता का परिचायक है। सदर विधानसभा



क्षेत्र से युवा विधायक त्रिलोक जम्वाल का भाजपा प्रदेश कोर कमेटी में नाम आना बिलासपुर के लिए गौरव का विषय है। इससे पहले प्रदेश में महामंत्री के पद पर रहकर प्रदेश भाजपा को नई बुलंदियों तक ले जाने वाले त्रिलोक जम्वाल नई ताजपोशी से एक बार फिर से सुर्खियों में है। जंवाल को बधाइयों का तांता लगा है तथा हर प्रशंसक उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहा है। लंबी रेस के घोड़े त्रिलोक जंवाल की संगठनात्मक कार्यशैली के शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक सभी कायल हैं। वहीं बिलासपुर से ही इनकी करीबी जगत प्रकाश नड्डा भी विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र बिलासपुर में जमा एक वाणिज्य संकाय में जब शिक्षकों की कमी थी तो त्रिलोक ने अपने जीवन की राजनीति की शुरूआत अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के साथे एक रैली निकालकर की थी। यह रैली शिक्षा विभाग के पुराने भवन तक गई थी। तत्पश्चात कॉलेज के दिनों में एबीवीपी के जरिए छात्र राजनीति से जुड़े और मजबूत करते हुए इन्होंने कई आंदोलनों में अपनी भूमिका निभाई। पार्टी के प्रदेश सचिव और महासचिव से लेकर 2017 से 2022 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार की जिम्मेदारी वह बखूबी निभा चुके हैं। बिलासपुर सदर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की कर्मभूमि रही है। 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बिलासपुर सदर में भगवा परचम लहराकर अब वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की विरासत को भी संभाल रहे हैं। संगठन में लंबे अनुभव को देखते हुए त्रिलोक जम्वाल को एक बार फिर से भाजपा की प्रदेश कोर कमेटी का सदस्य बनाया गया है। अगले साल प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी इस नियुक्ति को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक सफर करते हुए सीधे सीएम के मुख्य सलाहकार के साथ महासचिव की जिम्मेवारी निभाते हुए पार्टी की कोर कमेटी तक पहुंचना बिलासपुर के लोगों के लिए खुशी की बात है।

# टाईमिंग को लेकर एचआरटीसी और न्यू प्रेम के ड्राईवरों में झगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**टाईमिंग** को लेकर एचआरटीसी और न्यू प्रेम बस सर्विस के ड्राईवर बसों को रोककर बीच सडक पर लड़ पड़े। दोनों में जमकर लात-घूंसे चले और सवारियां परेशान होती रही। दोनों ड्राईवरों के लड़ाई का वीडियो भी सामने आया है। यह लड़ाई पिछले कल मंडी जिला के जोगिंद्रनगर उपमंडल के तहत आने वाले गुम्मा के पास हुई है। शिमला से तुलाह जा रही एचआरटीसी की बस टायर में हवा भरवाने के लिए पधर में रूकी और इस कारण 10 मिनट की देरी हो गई। इसी बात को लेकर न्यू प्रेम बस सर्विस वाले ड्राईवर के साथ विवाद शुरू हो गया और यह विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। शिमला तुलाह रूट पर बस में तैनात कंडक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि न्यू प्रेम के ड्राईवर ने बस को सडक के बीच रोककर एचआरटीसी के ड्राईवर के साथ गाली-गलौच किया और फि र मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इस बात को लेकर जोगिंद्रनगर पुलिस थाना में शिकायत दे दी है और कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं के यातायात प्रबंधक पवन कुमार ने भी इस मामले पर पुलिस और निगम से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। मंडी बस स्टैंड में नहीं घुसने दी न्यू प्रेम की बसें इ इस घटना से नाराज चल रहे एचआरटीसी के ड्राईवरों और कंडक्टरों ने आज बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर नाकेबंदी कर दी और न्यू प्रेम की बसों को बस स्टैंड में नहीं घुसने दिया। तीन बसें गेट के बाहर ही खड़ी रही।

# सीएम ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए केंद्र से 2 हजार करोड़ रुपये प्रदान करने का आग्रह किया

## नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश एवं बाढ़ से हुई क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय समिति को प्रदेश में भेजने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्रीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राज्य को शीघ्रातिशीघ्र राशि जारी करने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रदेश में क्षतिग्रस्त आधारभूत संरचना के पुनर्निर्माण में लगभग एक से दो



वर्ष का समय लगेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने इत्यादि की घटनाओं से हुए भारी नुकसान

**मदद**

**प्रदेश में क्षतिग्रस्त आधारभूत संरचना के पुनर्निर्माण में लगभग एक से दो वर्ष का समय लगेगा**

से उन्हें अवगत करवाया और राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 2 हजार करोड़ रुपये की तुरंत राहत प्रदान करने का आग्रह किया।उन्होंने अवगत करवाया कि आपदा राहत के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए केंद्र से प्राप्त निधि सम्बंधित विभागों और उपायुक्तों को राहत अभियान के लिए जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-2020 तथा वर्ष 2020-2021 के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत निधि के तहत लम्बित 315 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र जारी की जाए, क्योंकि अभी तक प्राप्त राशि प्रदेश में बड़े स्तर पर हुई क्षति के विपरीत बहुत कम है। गृह मंत्री ने राज्य को हरसम्भव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा भी उपस्थित थे।

# सीएम ने 830 करोड़ रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता के लिए केंद्र का आभार व्यक्त किया

## मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री ने 830 करोड़ रुपये की विशेष केंद्रीय सहायता के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया और राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने, संसाधन सृजन और बहाली कार्यों की गति में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त विशेष केंद्रीय सहायता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें हिमाचल प्रदेश में बाढ़ के दौरान सडकों, पुलों, जलापूर्ति योजनाओं, सिंचाई योजनाओं, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों, पशुधन व मानव जीवन, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को हुई भारी क्षति के बारे में



अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लगभग 8000 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने स्वयं के अल्प संसाधनों से राहत और बहाली अभियान चलाया जो राज्य के बुनियादी ढांचे को पटरी पर लाने के लिए अपर्याप्त है। ऐस में उन्होंने केंद्र से समर्थन और सहायता का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# चंडीगढ़-शिमला सड़क बंद होने से वाया नाहन वाहन जाने को मजबूर



**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**शिमला-परमाणु-चंडीगढ़** फ ोरलेन नेशनल हाईवे बंद होने के कारण सोलन पुलिस प्रशासन द्वारा भारी वाहनों को कुमारहट्टी-नाहन नेशनल हाईवे के रास्ते डायवर्ट किया गया है। इसके चलते पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ व हरियाणा सहित अन्य राज्यों की हरिद्वार व चंडीगढ़ की ओर जाने वाली बसें सहित छोटे वाहन भी नाहन होकर रवाना हुए। सोलन पुलिस द्वारा ट्रैफि क डायवर्ट करने के बाद सिरमौर पुलिस ने जाम से निपटने के लिए विशेष प्लान तैयार किया है। वाहन चालकों के लिए सिरमौर पुलिस द्वारा एडवाइजरी व रूट

**रवाना**

**अन्य राज्यों की हरिद्वार व चंडीगढ़ की ओर जाने वाली बसें सहित छोटे वाहन भी नाहन होकर रवाना हुए**

प्लान भी जारी किया गया है। ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो। बुधवार को सिरमौर पुलिस द्वारा पुलिस थाना सराहां सहित पच्छाद, नाहन व काला अंब में जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। चंडीगढ़ व देहरादून की ओर जाने वाले वाहन की ओर डायवर्ट होने के कारण बुधवार को नाहन शहर में जाम की स्थिति बनी रही।जगह-जगह पुलिस बल तैनात होने के कारण थोड़े समय बाद ही जाम खोल लिया गया। सिरमौर पुलिस द्वारा आगामी दिनों के लिए भी जाम की समस्या से निपटने के लिए रूट प्लान सहित जवानों को तैनात किया गया है। गौरतलब हो कि शिमला, चौपाल सहित अन्य स्थानों से दिल्ली की ओर जाने वाले सेब के वाहन भी नाहन होकर ही जा रहे हैं। डीएसपी मीनाक्षी शाह ने बताया कि शिमला-नाहन मार्ग बंद होने के कारण कुछ ट्रैफि क कुमारहट्टी-नाहन मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। इस रूट की सभी थानों को सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# सुंदर ने बाढ़ व भूस्खलन के कारण हुए नुकसान की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**मुख्य** संसदीय सचिव एवं जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने आज बंजार उपमंडल में भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण हुए नुकसान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि 15 अगस्त से पूर्व सभी तरह के राहत व पुनर्वास कार्य पूर्ण किए जा सके। मुख्य संसद संसदीय सचिव ने जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह



सुक्खू ने प्रदेश में आई भयानक आपदा के दृष्टिगत राहत मैनुअल में संशोधन कर राहत राशि को 10 गुना से अधिक बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू द्वारा बाढ़ आपदा से निपटने के लिए उठाए गये कदमो की बदौलत रिकॉर्ड समय में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 60 हजार पर्यटक उनके गंतव्य तक पहुंचाये गये। बैठक में जानकारी देते हुए उपमंडल अधिकारी बंजार हेमचंद वर्मा ने कहा कि उपमंडल बंजार में आठ से 15 जुलाई के मध्य में लगातार वर्षा होती रही जिसके कारण उपमंडल के तहसील बंजार में 1978 घर पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गए, जिन्हें अभी तक एक करोड 76 लाख तथा 143 घर जोकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें 30 लाख 87 हजार रुपए राहत के तौर पर दिए गए हैं। उन्होंने कि सरकारी भूमि पर कुल 110 घर क्षतिग्रस्त हैं जिनमें से प्रत्येक को 15000 प्रति की दर से राहत राशि प्रधान की गई है।

उन्होंने कहा कि ढाबे तथा दुकान चलाने वालों को एक लाख रुपए की राहत राशि प्रधान की गई है आपदा से 20 घराट भी क्षतिग्रस्त हुए हैं आपदा से किराए पर रहने वाले 232 लोगों को बेघर होने पर 11 लाख 70 हजार की राशि दी गई है तथा 191 गौशालाओं को भी क्षति पहुंची है।

# रियाली के बेलां लुधियाड़चां के खेतों में मिली नवजात बच्ची

**टीम एक्शन इंडिया/ कांगड़ा/ विजय समयाल**

**पुलिस थाना** फ तेहपुर के तहत पड़ती पंचायत रियाली के बेला लुधियाड़चां के खेतों में गुरुबार सुबह एक नबजात बच्ची मिलने से माँ की ममता शर्मशार हुई है मिली जानकारी अनुसार बेला लुधियाड़चां के एक व्यक्ति ने खेतो में किसी बच्चे के रोने की आबाज सुनी। जिस पर आगे जाकर देखा तो एक बच्ची रोती हुई मिली। जिस पर उनसे इसकी सूचना पंचायत प्रधान व पुलिस



को दी। जिस पर पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ूखर पहुंचाया। जहां पर बच्ची के स्वास्थ्य की जांच की जा रही थी। जानकारी देते थाना प्रभारी फ तेहपुर रजिंदर कुमार ने बताया बच्ची को फि लहाल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर बच्ची के स्वास्थ्य की जांच होगी। उसके बाद उसे फतेहपुर लाया जाएगा। उसके उपरांत मामला दर्ज कर नबजात बच्ची को खेतों में छोडने बालों की धरपक्कड़ के लिए बिशेष रणनीति बनाई जाएगी।

# वास्थ्य मंत्री ने पंजगांई में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, समाजिक न्याय एंव अधिकारिता व श्रम एवं रोजगार मंत्री हिमाचल प्रदेश डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने पंजगाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया। इस दौरान सदर विधानसभा के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर भी साथ रहे। उन्होंने वहां 3 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से पुराने भवन के स्थान पर बनने वाले नए भवन के निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भवन निर्माण के लिए स्थानीय लोगों व चिकित्सा समुदाय के सुझावों पर भी गौर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के लिए 86 लाख 55 हजार रुपए की राशि लोक निर्माण विभाग को प्रदान कर दी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य केन्द्र भवन के निर्माण से जहां स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ होगा और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने आज नम्होल के दगसेच गांव में आपदा से प्रभावित परिवारों के घर का जायजा भी लिया। उन्होंने सहायता के रूप में दगसेच नम्होल निवासी रामपाल, सीमा देवी व श्याम लाल को एक-एक लाख रुपए के चेक भी भेंट किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रभावितों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को त्वरित प्रभावितों को सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल, उप मंण्डलाधिकारी अभिषेक कुमार गर्ग तथा तहसीलदार वीना भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश की जनजातीय बोलियों की शब्दावली जारी की



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को राजभवन में हिमाचल प्रदेश की जनजातीय बोलियों की शब्दावली जारी की। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. चन्द्र मोहन परसीरा ने जनजातीय लोगों की मदद से यह शब्दावली तैयार की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए शोध कार्य के लिए उनकी सराहना की।

# पर्यटन गतिविधियों में मोटर बोट संचालकों के परिवारों को मिले तरजीहः शर्मा

## कहा, छह दशकों से जल परिवहन में निभाई है अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिला** बिलासपुर में पर्यटन, स्वरोजगार, खेल, परंपरागत कला कौशल विकास और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास अति सराहनीय है। जिला प्रशासन के इस प्रयास से बिलासपुर में पर्यटन को पंख लगेंगे। जिला प्रशासन की यह कोशिश स्वागत योग्य है। किंतु इसमें उन लोगों और परिवारों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए जिन्होंने अपना सारा जीवन गोविंद सागर झील में जनसेवा के लिए व्यतीत कर दिया है। यह बात जल परिवहन समिति बिलासपुर के पूर्व प्रधान राम कृष्ण शर्मा ने प्रैस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि जब से पुराना शहर पानी में डूबा है तब से लेकर आज दिन तक सैंकड़ों परिवार इसी पानी पर अपना भविष्य और रोजगार चला रहे हैं। जब जबकि सडकों का जाल बिछ चुका है तो जल परिवहन पर भी संकट के बादल आन खड़े हैं। कई परिवार से इस रोजगार से विमुख भी हो चुके हैं। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित सोसायटी में इन परिवारों के लोगों को भी जोड़ा जाना चाहिए ताकि उनका भविष्य भी उज्जवल हो सके। उन्होंने कहा कि अब फोरलेन सडक का निर्माण भी हो गया तथा बिलासपुर से गुजरने वाला अधिकांश ट्रैफि क झील के उस पार से हो गया है। ऐसे में बिलासपुर का जलाश्य बाहर से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा। जिला प्रशासन द्वारा इस जलाश्य में शिकारे और क्रूज आदि लाने की योजना तैयार कर रहा है जो कि बहुत की अच्छी पहल है। किंतु इसमें बाहर की कंपनियों को यहां न लाया जाएए बिलासपुर के युवाओ को रोजगार देने के लिए उन्हें ऋ ण आदि कम दरों पर मुहैया करवाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाया जाए। जिससे उनकी आर्थिकी समृद्ध हो सके। राम कृष्ण ने कहा यदि बाहरी कंपनियों को यहां कारोबार करने का अवसर दिया जाता है तो स्थानीय युवा उनके पास नौकर बनकर रह जाएंगे।

# जिला स्तर पर कार्यरत मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेला-2023 के दौरान सटीक एवं तथ्यपरक पत्रकारिता के लिए उपायुक्त एवं अध्यक्ष मिंजर मेला आयोजन समिति अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में गुरुवार को बचत भवन में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने जिला स्तर पर कार्यरत प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया कर्मियों को आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2023 के सफ ल



आयोजन में विशेष सहयोग के लिए चंबा प्रेस क्लब का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से संवाद करते हुए अपूर्व देवगन ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं विशेषकर 8 और 9 जुलाई को जिला में भारी बारिश और बादल फ टने की घटनाओं के चलते सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की बहाली के साथ टीम चंबा के लिए अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2023 का सफ लतापूर्वक आयोजन किसी चुनौती से कम नहीं था। मीडिया कर्मियों द्वारा सटीक एवं तथ्यपरक पत्रकारिता, समस्त जिला वासियों का सहयोग और टीम चंबा द्वारा तत्परता के साथ किए गए कार्यों ने आयोजन को सफल बनाया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने भी पत्रकारिता के उच्च मापदंडों को बनाए रखने के लिए सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विगत समय के दौरान सलूणी क्षेत्र में उत्पन्न संप्रदायिक तनाव के दौरान स्थानीय मीडिया कर्मियों द्वारा अपनाए गए पत्रकारिता के श्रेष्ठ मापदंडों का जिक्र भी किया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार बीके पराशर ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। अध्यक्ष प्रेस क्लब दीपक शर्मा ने सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर मिंजर मेला आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। जिला लोक संपर्क अधिकारी खेमचंद चौहान ने स्वागत संबोधन रखा। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला के दौरान अपने अनुभवों को फीडबैक के रूप में साझा किया।सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के जिला मुख्यालय पर कार्यरत वरिष्ठ एवं युवा मीडिया प्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# 21 अगस्त तक चलाया जा रहा निर्वाचक नामावली को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष अभियानः अपूर्व

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित व अद्यतन बनाए रखने के लिए बीएलओ के माध्यम से अपने मतदान क्षेत्र के अंतर्गत घर-घर जाकर फ ोटोयुक्त मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम 21



अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम की गतिविधियों के तहत घर के मुखिया की सहायता से बूथ लेवल अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि परिवार के समस्त सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तथा दर्ज समस्त सदस्यों का विवरण सही है। यदि निर्वाचक की प्रविष्टि में किसी प्रकार की कोई अशुद्धि हो तो उसे ठीक करवाने के लिए प्रारूप-8 के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी। अपूर्व देवगन ने बताया कि 1 अक्टूबर, 2023 की अहर्ता तिथि के आधार पर पंजीकरण के लिए छूटे हुए योग्य नागरिकों की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सीएम सुक्खू ने रक्षा मंत्री से भेंट की

## रंगरीक में हवाई पट्टी के निर्माण का आग्रह किया

**आग्रह**

**मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से स्पिति घाटी के रंगरीक में सामरिक दृष्टि से हवाई पट्टी के निर्माण का आग्रह किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से स्पिति घाटी के रंगरीक में सामरिक दृष्टि से हवाई पट्टी के निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह स्थान उत्तरी सीमा से 50 किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित है और स्पिति घाटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 505 के अतिरिक्त अन्य कोई सम्पर्क साधन नहीं है।



मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से गोला बारूद डिपो पोवारी को स्थानांतरित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने अवगत करवाया कि इसके दृष्टिगत दो वैकल्पिक स्थलों की पहचान की गई है। उन्होंने उचित कार्यवाही के लिए आग्रह किया और कहा कि राज्य सरकार भूमि उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 450 मेगावाट क्षमता की शोंगटोंग कड़छम जल विद्युत परियोजना इस डिपो के ठीक सामने सतलुज नदी के बाएं किनारे पर स्थित है और कहा कि सिल्ट फ्लशिंग टनल का उत्खनन का कार्य गोला-बारूद डिपो की पाबंदियों के कारण आउटलेट पोर्टल के बजाए इनलेट पोर्टल से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस डिपो के स्थानांतरित होने तक नियंत्रित विस्फोटन प्रणाली निर्धारित करने के लिए इस मामले पर सेंटर फ ॉर फ ायर एक्सप्लोसिव्स एंड एनवायरमेंट सेफ्टी के साथ चर्चा की गई है ताकि राज्य सरकार उत्खनन का कार्य आउटलेट पोर्टल के माध्यम से भी कर सके। मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को जोड ? के लिए नई सडकों के निर्माण के अलावा सीमा सडक संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का भी आग्रह किया। उन्होंने पुरानी हिंदुस्तान-तिब्बत सडक के पुनर्विकास, ज्यूरी से भाबानगर तक समानांतर स्टेऊ च विकसित करने, खाब-लियो-चांगो सडक को विकसित करने तथा भाबा-मुद सडक पर भाबा टॉप के नीचे टनल बनाने पर चर्चा की।

# 3 आर पर काम करना चाहिए रिस्टोरेशन, रिहैबिलिटेशन और रिपेयरः बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा हिमाचल प्रदेश सरकार को 3 आर पर काम करना चाहिए रिस्टोरेशन, रिहैबिलिटेशन और रिपेयर। अभी तक इन तीनों कार्यों में गति धीमी चल रही है और अगर हिमाचल प्रदेश की जनता को राहत प्रदान करनी है तो इस 3आर में तेजी लानी होगी। वर्तमान प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का स्पष्ट शब्दों में धन्यवाद और आभार व्यक्त करना चाहिए, क्योंकि पिछले दिनों ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संसद छोड़ हिमाचल प्रदेश में बाढ़ से नुकसान का जायजा और बड़ी राहत भी प्रदान करके गए, इस आपदा की घड़ी में प्रदेश सरकार को खुले धीरे करके आगे बढ ?ा चाहिए। मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश की सरकार जनता के साथ छल और



राजनीति कर रही है। जोकन केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की मदद करी है उसको स्पष्ट रूप से जनता के समक्ष लाया नहीं जा रहा है। यह कांग्रेस सरकार इस आपदा की घड़ी में गरीबों को जो राहत राशि प्रदान कर रही है उसमें भाई भतीजावाद हो रहा है, किसी को कम या किसी को ज्यादा राशि प्रदान की जा रही है। सरकार की ओर से कोई मापदंड नहीं है।आज के जमाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बटन दबाते हैं तो देश के सभी किसान भाइयों के खाते में किसान सम्मान निधि पहुंच जाती है, पर कांग्रेस के नेता आपदा में दी जाने वाली राहत राशि को नकद बांट रहे हैं। हम मांग करते हैं कि यह राशि डीबीटी के माध्यम से व्यक्ति के खाते में सीधी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार किसानों के साथ भी राजनीति कर रही है।

## भारत दर्शन यात्रा में बेटियों ने जानी गौरवशाली धर्म-संस्कृतिः अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर। केंद्रीय** मंत्री व हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा चलाए जा रहे सांसद भारत दर्शन योजना के तीसरे दिन हमीरपुर की 21 मेधावी छात्राएं प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हैं। बेटियों को वाराणसी में विकास और विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पिछले नौ वर्षों में वाराणसी का अद्भुत कायाकल्प हुआ है जिसे देखने समझने में बेटियां गहरी रुचि ले रहीं हैं। इसी क्रम में बेटियों ने अपनी सांसद भारत दर्शन यात्रा के तीसरे दिन की शुरूआत दिव्य और भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के अवलोकन व बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन-अर्चन से किया। बेटियों ने कहा की वाराणसी आकर उन्हें अपने सनातन धर्म को और गहराई से समझने का मौका मिल रहा है जिससे वे सभी बेहद उत्साहित हैं।

# राम सिंह मियां बने एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**रामसिंह** मियां को आज सर्व सम्मति से कृषि, उत्पाद विपणन समिति कुल्लू एवं लाहौल स्पीति का अध्यक्ष चुना गया। उपायुक्त आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के 10 सदस्यों ने भाग लिया। समिति के सदस्य झाबे राम व योगराज ने अध्यक्ष पद के लिए रामसिंह मियां के नाम का प्रस्ताव रखा और उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने रामसिंह



मियां के सर्वसहमति से कृषि उत्पाद विपणन समिति कुल्लू एवं लाहौल स्पिति के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की। एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल स्पिति की सदस्य सचिव शगुन सूद ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। इस अवसर पर विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड, समिति के गैर सरकारी व सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# 'पीएमएजीवाई के पहले चरण की धनराशि जल्द खर्च करें पंचायतें'

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुरहमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**एडीसी** जितेंद्र सांजटा ने पंचायत जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के पहले चरण में जिला के चयनित 17 गांवों में योजना के अंतर्गत मंजूर किए गए सभी कार्यों को तुरंत पूरा करें तथा स्वीकृत धनराशि को खर्च करें। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की वीरवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने ये निर्देश दिए।

**वर्ष 2019 में जिला हमीरपुर के 17 गांवों को घोषित किया गया था आदर्श ग्राम**



एडीसी ने बताया कि वर्ष 2019 में जिला के 17 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था तथा इनके लिए 405 विकास कार्य मंजूर किए गए थे। इनमें से अधिकांश कार्य पूरे कर लिए गए हैं, लेकिन ग्राम पंचायत चबूतरा, मुंडखर और बराड़ा के चार गांवों में अभी भी कुछ कार्य लंबित हैं। ये सभी कार्य तुरंत पूरे होने चाहिए।

**दूसरे चरण में जिला के पांच गांवों की ग्राम विकास योजनाओं को दी गई मंजूरी**

**चयन**

**दूसरे चरण में जिला के पांच अन्य गांवों दरोगण, दड़ूही, धीरड, महारल और मालग का चयन किया गया है**

जितेंद्र सांजटा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में योजना के दूसरे चरण में जिला के पांच अन्य गांवों दरोगण, दडूही, धीरड, महारल और मालग का चयन किया गया है। इन पंचायतों को ग्राम विकास योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में इन पंचायतों के प्रधानों एवं सचिवों ने अपनी-अपनी प्रस्तावित योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इन योजनाओं पर व्यापक चर्चा के बाद जिला स्तरीय समिति ने इन्हें कुछ आवश्यक संशोधनों के साथ मंजूरी प्रदान करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी राकेश पुरी ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी राजकुमार, विभिन्न विकास खंडों के बीडीओ अन्य अधिकारी और संबंधित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं सचिव भी उपस्थित थे।

# सराज के बगस्याड में बन रहा फार्मेसी कॉलेज भवन सवालों के घेरे में

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

सराज विधानसभा क्षेत्र के बगस्याड में करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन फ ार्मेसी कॉलेज भवन के बनने से पहले सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय लोगों और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इस स्थान में बन रहे भवन का विरोध किया है। गौरतलब हो कि सराज विधानसभा क्षेत्र के बगस्याड के भूरणी नाले में बन रहा यह स्ट्रक्चर कभी भी बरसात व भुस्खलन की जद में आ सकता है और बड़ी घटना घट सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह



क्षेत्र के बगस्याड में निर्माणाधीन फ ार्मेसी कॉलेज सराज का भवन बहुत ही गलत स्थान पर बनाया जा रहा है।सुरक्षा की दृष्टि से यह कालेज में पढ ? वाले बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा हो सकता है।हाल ही में हुई बरसात में बरसाती खड्ड का पानी फामेर्सी कॉलेज के निमार्णाधीन भवन में घुस आया है। और नाले में बाढ़ आने से भारी भूमि कटाव हुआ है नाले का रुख डायवर्ट होने के चलते निमार्णाधीन भवन और इसमें रखी सामग्री को नुकसान पहुंचा है इसके साथ ही ग्रामीणों की उपजाऊ भूमि को भी भूमि कटाव होने का खतरा बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि भगवान न करे जब यहां पर भविष्य में भवन बनने के बाद यहां आपदा आए तो क्या होगा। बगस्याड के समीप भुरनी नाले नामक स्थान पर करीब 8 बीघा भूमि पर बन रहे इस निमार्णाधीन कॉलेज के बनने से पहले ही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है उनका कहना है कि यहां बरसात में कभी भी नाले में पानी बढ ? से बाढ़ आने से उक्त स्थान पर भूमि कटाव होने के चलते बाढ़ जैसी आपदा भविष्य में आ सकती है। करीब 49 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन इस फ ार्मेसी कॉलेज सराज स्थित बगस्याड के भुरनी नाला मैं बन रहे फामेर्सी कॉलेज भवन पर अभी से ही सवालिया निशान उठने शुरू हो गए हैं। जहां सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर नाले में इस कॉलेज भवन का निर्माण कर रही है यहां भविष्य में कभी भी नाले का पानी आने से खतरा पैदा हो सकता है क्षेत्र के स्वयंसेवी संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि यहां पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। सराज कांग्रेस के चेतराम ठाकुर जगदीश रेड्डी सहित दर्जनों स्थानीय लोगों व कांग्रेसी पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार को चाहिए कि फामेर्सी कॉलेज किसी सुरक्षित जगह पर बनाया जाए इसे नाले में बनाने से भविष्य में बड़ा खतरा बन सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### मनोज कुमार, कार्यकारी निदेशक ने बतौर परियोजना प्रमुख कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर/बुशहर/लिहांटू। मनोज कुमार** कार्यकारी निदेशक ने देश की सबसे बड़ी भूमिगत जल विद्युत परियोजना 1500 मे.वा. नाथपा झाकड़ी हाइडो पावर स्टेशन में परियोजना प्रमुख के रूप में 01 अगस्त, 23 को अपना कार्यभार संभाला। मनोज कुमार ने समस्त कर्मचारी/अधिकारियों को संबोधित करते हुये अपने वक्तव्य में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निगम के लिए तत्पर्यता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की बधाई दी।

### कुल्लू कॉलेज में कमियों के बारे में प्रिंसीपल को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। एनएसयूआई** जिला अध्यक्ष अमरनाथ की अध्यक्षता, में इकाई द्वारा कैंपस में और कुल्लू कॉलेज में कमियों के बारे में प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कॉलेज पानी का कुल्लर को ठीक करने कॉलेज में सफ ाई। ग्राउंड में सफ ाई, कॉलेज रूम में सफ ाई, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, में सफ ाई मुरामत, वाटिका में सफ ाई। को ठीक करने के लिए ज्ञापन सौंपा।आज एनएसयूआई जिला इकाई द्वारा कैंपस में और कुल्लू कॉलेज में कमियों के बारे में प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कॉलेज पानी का कुल्लर को ठीक करने कॉलेज में सफाई। ग्राउंड में सफ ाई, कॉलेज रूम में सफ ाई, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, में सफ ाई मुरामत, वाटिका में सफ ाई। को ठीक करने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिला उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश, सौरव शर्मा जिला महासचिव गौरव, इकाई अध्यक्ष, चिराग, महासचिव, भास्कर, सत्यम, शिवांश, अंश, कुणाल, सागर, आदि मौजूद रहे।

### सट्टा लगाते दो काबू, 6 हजार की नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। जिला पुलिस** ऊना के दो स्थानों पर सट्टा लगाते हुए दो व्यक्तियों को काबू किया हैं। पुलिस ने दोनों से 6,270 रुपये की नकदी भी बरामद की हैं। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पहला मामला चिंतपूर्णी का है, जहां पर पुलिस ने गश्त के दौरान अजय कुमार निवासी चिंतपूर्णी को सट्टा लगाते काबू किया हैं। पुलिस ने अजय कुमार से 1150 रुपये की नकदी भी बरामद की हैं। वहीं दूसरा मामला संतोषगढ़ का हैं, यहां पर बुधवार देर शाम ऊना पुलिस संतोषगढ़ में टोल टैक्स बैरियर के पास गश्त कर रही थी।

## बहड़ाला में कार की टक्कर से किशोर घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। सदर** थाना के तहत गांव बहडाला में अज्ञात कार ने एक किशोर को टक्कर मारी हैं। टक्कर होने से किशोर को गंभीर चोटें आई हैं व उसकी एक टांग भी फेक्चर हुई हैं। जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक नीरज कुमार निवासी बहडाला ने बताया कि वह बुधवार को अपने पिता की दुकान से बची हुई सब्जी को घर छोडने जा रहा था।

# बागवानी विभाग ने मुच्छाली में लगाया जागरुता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**बागवानी** विभाग ने उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मुच्छाली की महिला मंडल एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वीरवार को जागरुकता शिविर लगाया गया। इस मौके पर बागवानी विभाग द्वारा उचित मूल्य की दर पर पौधे वितरित किए गए। इनमें संतरा, मोसम्मी, किन्नू, नींबू, अमरुद आदि फलदार पौधे शामिल रहे।



शिविर में विभाग के प्रसार अधिकारी अरशद ने प्रदेश सरकार की बागवानी से चल रही विभिन्न योजनाओं को महिलाओं के बीच साझा किया। अरशद ने कहा कि क्षेत्र में बागवानी को बढ़ावा देने व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं, ताकि किसान बागवानी से भी अच्छी खासी कमाई कर मुनाफा कमा सके।

## कटोहड़ कलां में सोने के आभूषण सहित नगदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना राजन पुरी**

**उपमंडल** अंब के तहत कटोहड़ कलां में लाखों की चोरी होने का मामला सामने आया हैं। अज्ञात शतिरों ने घर से 20 हजार की नकदी व सोने के आभूषण चुराने में सफलता हासिल की हैं। वहीं पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत के आधार पर शतिर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में अंजु शर्मा निवासी कटोहड़ कलां ने बताया कि गांव स्थित हनुमान मंदिर के सामने दुकान करती हैं। रोजाना 12 बजे दोपहर के बाद घर जाती हैं, लेकिन मंदिर में कथा सुनने के कारण घर देरी से पहुंची। घर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरा चैक करने के दौरान पाया कि अलमारी से 20 हजार कैश व सोने के सारे आभूषण गायब थे। अंजु शर्मा ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने घर मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# इंडस में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**इंडस** इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में उत्साही स्नातक छात्रों के नए बैच के लिए एक आकर्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान शैक्षणिक परंपराओं को सांस्कृतिक विरासत के साथ व हवन समारोह के रूप में खूबसूरती से मिश्रित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. संजय बहल और रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा विशेष रुप से उपस्थित रहे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में डॉ. संजय ने अपने प्रेरक भाषण में सभी बच्चों को अपनी शैक्षणिक यात्रा को सही



तरीके से शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुरू से ही स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और लगन से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वहीं डॉ. बहल ने भी बच्चों का प्रेरित करते हुए डॉ. राणा ने संकाय सदस्यों, परामर्शदाताओं और अन्य सहायक कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणाली पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय की टीम उनकी शैक्षिक यात्रा में सहायता और मार्गदर्शन के लिए हमेशा मौजूद है।

## कैंसर मरीज के इलाज को दी आर्थिक मदद



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल** अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेडी के एक परिवार के मुखिया को कैंसर हो गया है। जिनका काफी समय से इलाज चल रहा है, जिसके कारण बच्चों की फीस भरनी भी मुशिकल हो रही रही थी। परिवार को अभी बीपीएल में नहीं डाला गया है और हर तरफ से, उनको आर्थिक सहयोग की जरूरत है। ऐसे समय में भारती वुमेन वेलफेयर सोसाइटी की चैयरमेन राज रानी ने उनके घर पहुंचकर आर्थिक मदद की और परिवार को आगे भी आर्थिक मदद के लिए आश्वासन दिया।

# बंगाणा में उत्पादों को बेचने के लिए बाजार का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**खंड विकास** अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़े लोगों के लिए अपने उत्पाद बेचने के लिए बंगाणा में बाजार का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि हर वीरवार के दिन स्वयं सहायता समूह से जुड़े लोग इस बाजार में अपने प्रोडक्ट बेच सकते हैं। बाजार का शुभारंभ होने के पहले दिन जागृति सहायता समूह ने बांस के प्रोडक्ट, जय दुर्गा समूह ने लड्डू गोपाल की पोशाक, नारी शक्ति समूह ने शीरा, मिर्च का अचार, नमकीन व उड़ान समूह ने दलिया, कैरी बैग, आडू का अचार बाजार में उतारे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोकल प्रोडक्ट को भी बाजार तक पहुंचाना है, जिससे इनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और कई और लोगों को इसके माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें।


HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
"CORRIGENDUM"

The e-tender was invited vide this office letter No. PW-SD/Ch-Tender/NIT/2023-Vol-II-2082-92 dated 14-07-2023, the dates of documents download/ Deadline for submission of Bid and bid opening date may be read as 11-08-2023 and 17-08-2023 instead of 28-07-2023 and 05-08-2023.

Executive Engineer,
Spiti B & R Division,
HPPWD, Kaza.

No.PW-SD/Ch-Tender/NIT/2023-Vol-II-2049-54 Dated: -03/08/2023
Copy forwarded for information and necessary action to:-
1. The Engineer-in-Chief, HPPWD, Shimla.
2. The Chief Engineer, (SZ) HP PWD, Shimla.
3. The Director, Information and Public Relation, Sudhana Avas Jan Sampark Bhawan Near HP Administrative Tribunal Shimla.
4. The Superintending Engineer, 11th circle, HPPWD, Rampur.
5. Accounts branch/Drawing branch in this office.
6. All concerned contractors.
7. Notice Board.

R.O.N-1957/2023-2024

Executive Engineer,
Spiti B & R Division,
HPPWD, Kaza.

## न्यूज फ्लैश

### 4 से 6 अगस्त तक आईयूएमएस पोर्टल पर होगी ऑनलाइन हाजिरी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के पीजी कोर्सिज की अन्तिम दाखिला सूची के लिए 4 से 6 अगस्त तक आईयूएमएस पोर्टल पर अभ्यर्थियों को ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिले के लिए तीन सूची लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अन्तिम सूची 8 अगस्त को लगाई जाएगी। अन्तिम सूची में दाखिले के लिए 4 से 6 अगस्त तक दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन हाजिरी लगा सकते हैं। ऑनलाइन हाजिरी लगाने वाले अभ्यर्थियों को ही अन्तिम दाखिला सूची में दाखिले के लिए योग्य माना जाएगा। डॉ. दीपक राय बब्बर ने कहा कि दाखिले से सम्बन्धित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट व दाखिला पोर्टल पर उपलब्ध है।

### भगौड़ा आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला पुलिस** ने एक भगौडे आरोपी को किया गिरफ्तार । थाना केयूके की टीम ने भगौडे आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को वर्ष 2021 के के लेनदेन के मामले में अदालत श्री शेर सिंह जेएमआईसी कुरुक्षेत्र द्वारा दिनांक 06 जून 2023 को भगौडा आरोपी घोषित किया था। दिनांक 3 अगस्त 2023 को थाना केयूके के अंतर्गत ज्योतिसर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह की टीम ने भगौडे आरोपी शमशेर सिंह पुत्र देवा सिंह वासी बारना जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

### भव्य रेलवे स्टेशन होगा भाजपा सरकार का बड़ा तोहफाः पूर्व विधायक नरेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़ पूर्व विधायक** व भाजपा नेता नरेश कौशिक ने कहा कि आजादी से पहले का बना हुआ बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन जल्द ही नये लुक में नजर आएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बहादुरगढ़ का रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक व भव्य बनेगा। योजना के तहत होने वाले कार्य से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं तो मिलेगी ही साथ में स्टेशन जल्द ही अपने बदले हुए नए रूप में नजर आएगा। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र समेत इलाके के तमाम लोगों को इसका फायदा होगा। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा रेलवे स्टेशनों को भव्य आधुनिक बनाने की दिशा में शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना में बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया हुआ है। बहादुरगढ़ का रेलवे स्टेशन आजादी से पहले वर्ष 1932 में बनकर तैयार हुआ था। रेलवे की ओर से इस स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन योजना में किया गया था। इब इसके भव्य और अत्याधुनिक स्वरूप को लेकर रेलवे विभाग की ओर से हर उचित सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्टेशन का सौंदर्यीकरण कर यहां सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। पूर्व विधायक कौशिक ने बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन की कायापलट करने की योजना को मूर्त रूप दिलाये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद डा. अरविंद शर्मा व जितने भी रेल यात्री संगठन है उनका भी आभार जताया है। कौशिक ने विभिन्न रेल संगठनों ने भी रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने जाने की मांग की हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रही है।

आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले इसको लेकर सरकार गंभीरता से कार्य करते हुए योजनाओं को सिरे चढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर नई सुविधाएं शुरू कारने के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी बेहतर किया जाएगा। योजना में यात्री केन्द्रित पहलुओं को बेहतर बनाने का प्रयत्न होगा। दिव्यांगजनों के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।
कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन से हजारों यात्रियों का दिल्ली-फिरोजपुर रेल खंड के मार्ग से पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों के जरिये आवागम होता रहता है।

# विधायक पंवार ने कालोनिवासियों की सुनी समस्याएं

## कालोनिवासियों ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित कम्यूनिटी सेंटर की छत टपकने लगी है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक** सुरेंद्र पंवार ने वार्ड-11 स्थित राजेंद्र नगर में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी । कालोनिवासियों ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित कम्यूनिटी सेंटर की छत टपकने लगी है, जिसकी वजह से सेंटर में बैठने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को बुलाया और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।



विधायक सुरेंद्र पंवार को कालोनिवासियों ने बताया कि कम्यूनिटी सेंटर में एक राजकीय प्राथमिक पाठशाला भी बनाई गई है, जिसमें विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते है, लेकिन बारिश में पाठशाला की छत टपकने लग जाती है, जिसकी वजह से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सेंटर के हॉल में फर्श की टाइल्स टूट गई है, पानी अंदर घुस जाता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक एस्टीमेट बनाकर समस्या का समाधान किया जाए। शिक्षा के मंदिर व सार्वजनिक स्थान पर समस्या का पता चलते ही अधिकारी तुरंत प्रभाव से समाधान करवाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस समस्या के समाधान में विलम्ब नहीं होना चाहिए, क्योंकि बच्चें देश का भविष्य है, यदि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा आती है, वह बिल्कुल गलत है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत शहर की प्रत्येक कालोनी में समग्र विकास करवाना ही उनका मुख्य ध्येय है, जिसके लिए लगातार प्रयत्नशील है।

इस दौरान चंद्रो देवी, सागर, रमेश, चांदराम, रणधीर, राजेश, सुभाष, प्रवीन, मुकेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### स्प्रेड स्माइल धर्मार्थ डिस्पेंसरी के मध्यम से बच्चों को वितरित की आई फ्लू दवा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**स्प्रेड स्माइल** फाउंडेशन द्वारा संचालित निशुल्क पाठशाला में स्प्रेड स्माइल धर्मार्थ डिस्पेंसरी का संचालन कर रहे डॉ सुरेश जैन जी ने सभी को बढ़ते आई फ्लू से बचाव रखने के लिए जागरूक किया । डॉ सुरेश जैन ने बताया की इस समय आई फ्लू बहुत तेजी से बढ़ रहा है और बच्चो, बड़ो सब इसकी चपेट में आ रहे हैं , इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए इसके लिए हमें कुछ सावधानियां रखनी होगी । बच्चो को समझाया की बार बार आंखों को हाथ न लगाएं, आंखों में चश्मा पहन कर रखें , साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें अपने कपड़े आदि किसी को इस्तेमाल न करने दें , हो सकें तो अन्य लोगो से दूर ही रहें । इसके साथ ही धर्मार्थ डिस्पेंसरी के मध्यम से बच्चो को दवां व चश्में दिए जा रहे हैं जिससे उन्हें जल्द आराम मिले और बीमारी अन्य व्यक्तियों में न फैलें। इस अवसर पर हिंदी प्रवक्ता दिल बाग, रेणु सैनी एमसी वार्ड 6, दीपक मान, प्रिंस , रमन पांचाल, आदेश, तान्या , अनन्या आदि उपस्थित रहे।



## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत सीआईए** श्री पुलिस टीम ने काला अंब के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया।
सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम बुधवार देर शाम गश्त के दौरान सनौली रोड उग्राखेड़ी मोड़ पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक मोहाली से काला अंब की तरफ से आ रहा है। युवक के पास अवैध देसी पिस्तौल होने की संभावना है। पुलिस टीम ने काला अंब मोड़ पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद मोहाली की तरफ से एक संदिग्ध किस्म का युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान फरमान पुत्र बशीर निवासी गांव मोहाली के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी



हुई लोअर की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। करीब 20 दिन पहले वह ठेकेदार के पास असंध रोड पुल के नीचे नाला खुदाई का काम कर रहा था। खुदाई के दौरान उसको उक्त देसी पिस्तौल मिला था।

### पूर्व पार्षद व उसके भाई के खिलाफ पुलिस कार्यवाही के लिए लिखा

**गन्नौर। सरकारी** कार्य में बाधा डालने के मामले को लेकर पूर्व पार्षद व उसके भाई के खिलाफ पुलिस कार्यवाही के लिए नगरपालिका सचिव ने पत्र लिखा है। नपा की तरफ से पुलिस कार्यवाही करने के लिए लिखे पत्र में बताया कि नगरपालिका की भूमि की चार दिवारी का कार्य रायल कोपरेटिव सोसाइटी को अलाट किया हुआ है। जिसको चार दिवारी निर्माण के लिए कार्य करने के आदेश दिए है। सोसइटी ने दिवार के निर्माण को लेकर नपा को लिखित में दिया कि दिवार के निर्माण के लिए डाले गए सामान को पूर्व पार्षद अशोक सैनी व उसके भाई सतपाल सैनी ने तोड़ दिया है। नगरपालिका ने पुलिस को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखा है।

## भाविप की रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 70 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत गढ़ी केसरी हिन्दू स्कूल में शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 15 विद्यालयों के 70 छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया। भारत विकास परिषद के हरियाणा मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष योगेश कौशिक,शाखा सचिव अंकित त्यागी, महिला संयोजिका मनीषा जैन, शाखा उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, संस्कृत माह की संयोजिका रजनी जैन, काजल जैन,अलका गुप्ता, तरुण प्रताप त्यागी,दीपिका जिंदल,एडवोकेट नेहा त्यागी, शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, निर्णायक मंडल में शालिनी जैन, मीनू मलिक ने



बच्चों की रंगोली को देखकर अपना निर्णय लिया। सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी ने रंगोली प्रतियोगिता का रिजल्ट घोषित किया। इसमें संयुक्त रूप से प्रथम रहने वाले स्कूल स्कूलों के बच्चे जिसमें हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल से चिनाली और प्रयास इंटरनेशनल स्कूल से जानवी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा स्थान प्रयास स्कूल से आदिति और हैप्पी चाइल्ड स्कूल से तनु ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया तीसरा स्थान हैप्पी चाइल्ड स्कूल से वेदिका, स्वामी चेतना स्कूल से स्नेहा, चाइल्ड केयर स्कूल से प्रज्ञा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# लोकतंत्र में मतदान का सबसे अधिक है महत्वः सुधीर जैन

**सोनीपत**
**ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया । स्कूल में मतदान प्रक्रिया का आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अभ्यास भी किया । इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी विद्यार्थियों को मताधिकार व मतदान के महत्व से अवगत करवाया।

स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां हर एक नागरिक को



अपनी राय देने का अधिकार है। यहां प्रत्येक नागरिक का फर्ज बनता है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझ कर सही-सही मतदान करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मतदान के वक्त बहुत सारे ऐसे व्यक्ति हैं जो मतदान नहीं करते हैं। बहुत सारे ऐसे लोग है जो मतदान का महत्व नहीं जानते, उन्हें भी समझाना आवश्यक है। जिस व्यक्ति की उम्र 18 साल या उससे अधिक हो मतदान में हिस्सा ले सकता है। मतदान करने के लिए 18 साल की उम्र होना निहायत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाएं । सीईओ संजय जैन ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का सर्वाधिक महत्व है। उन्होंने वोट के अधिकार के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बैलेट पेपर, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट आदि के बारे में जानकारी दी ।
साथ ही विद्यार्थियों को मतदान के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब इनमें से कोई नहीं या नोटा बटन का विकल्प उपलब्ध रहता है। चुनाव के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार के अपात्र, अविश्वसनीय और अयोग्य या नापसंद होने पर नोटा का प्रयोग कर सकते हैं ।
प्राचार्या गीता चोपड़ा ने अपने सामने मतदाता बने छात्र-छात्राओं से वोट डलवाया। इस मौके पर स्कूल में हुए मतदान में आर्यन, एकेंद्र,चेतना, विशाखा, मुस्कान, गौरव, पुलकित,आरजू आदि ने अपनी उम्मीदवारी पेश की । छात्र-छात्राओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में उत्साहपूर्वक मतदान किया । इस प्रक्रिया के संचालन में अध्यापिका रेखा जैन, बबीता, बीना, निधि, नीरजा, आशिमा, दीपिका आदि ने अहम भूमिका निभाई ।

### जजपा ने अनिल त्यागी को लगातार दूसरी बार हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी



**गन्नौरः जननायक जनता पार्टी** (जजपा) ने जजपा नेता अनिल त्यागी को लगातार दूसरी बार गन्नौर हलका अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। जजपा द्वारा अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अहम नियुक्तियां की है। जिसमें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनिल त्यागी में फिर से विश्वास प्रकट किया गया है। दोबारा से नियुक्त हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने इसको लेकर जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आदि पार्टी के नेताओं का आभार व्यक्त किया है।
नवनियुक्त हलकाध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि गन्नौर हलके में पार्टी को मजबूती देने का काम किया जा रहा है। पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना है। डिप्टी सीएम ने चुनाव के दौरान जनता से किए वादे को पूरा कर दिखाया है। इसी के चलते लोगों की पार्टी के साथ आस्था है। उन्होंने कहा कि वे हलके में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के काम के साथ पार्टी की नीतियों को लोगों से अवगत करवाएंगे।

### खेत में काम करते समय सांप काटने से किसान की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला कुरुक्षेत्र** के रहने वाले बुजुर्ग किसान की करनाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। किसान गुरुवार सुबह 4 बजे अपने गांव गुमथला में खेतों में काम करने गया था। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। एक माह पहले ही किसान के जवान बेटे की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। मृतक के पोते सूरज ने बताया कि उसका दादा जगतार सिंह और वह खेत में काम करने के लिए गए थे। काम करते समय अचानक उसके दादा को कॉमन क्रेट प्रजाति के सांप ने काट लिया। दादा ने आवाज लगाई तो वह भाग कर उनके पास गया। जिस टांग पर सांप ने काटा था, उसके ऊपर से रस्सी से बांधा। सूरज ने बताया कि इस दौरान उसने आसपास के लोगों से मदद की गुहार भी लगाई, लेकिन कोई नहीं आया। बाद में उसने एम्बुलेंस को फोन किया और दादा को कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां से उसे डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

## ओवरलोड मिट्टी से भरे डम्फरों ने सड़क के अस्तित्व को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**बिलंदपुर गांव** में राजकीय स्कूल के पास से जाने वाली सड़क को ओवरलोडिंग मिट्टी से भरे डम्फरों ने तोड़कर उसका आस्तित्व भी समाप्त कर दिया है। ग्रामीणों को कहना कि सड़क की हालत खराब होने के कारण्सा वहां से दुपहिया वाहनों का भी निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण विभाग से मांग की है कि ओवरलोड़ मिट्टी से भरे डम्फरों द्वारा तोड़ी गई सड़क का हजार्ना ओवरलोड डम्फरों के मालिक के खिलाफ कार्रवाई कर उसे वसूला जाए। गांव में सलीम नम्बरदार, सुनील ने बताया कि ओवरलोड मिट्टी



से भरे डम्फरों ने सड़क की ऐसी हालत कर दी है। सड़क निर्माण के दौरान डाली गई सामग्री इस तरह से बिखर गई है कि देखने में ऐसा लगता है कि यहां कभी सड़क ही नही बनाई गई हो। उन्होंने बताया कि ओवरलोड डम्फरों के खिलाफ न तो गन्नौर प्रशासन, आरटीओ के अलावा पुलिस भी कोई कार्रवाई नही करती है। मिट्टी से भरे ओवरलोड डम्फर गन्नौर के अलावा आसपास के गांवों में देखे जा सकते है। उनका कहना कि जब भी उनके चालक से ओवरलोड मिट्टी न डालने के बारे में कहते है तो उनका जवाब होता है कि जितनी मिट्टी आएगी उतनी ही तो डालकर डम्फरों को चलाएंगे।

**मौका निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी : जेई इस** बारे में सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि सड़क को बुरी तरह से ओवरलोड मिट्टी के डम्फरों द्वारा तोड़ने का मामला उनके संज्ञान में नही है। अब पता चला है तो आरटीओ व माईनिग विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# शहर में 4 कालोनी हुई वैध, अन्य 6 अवैध कॉलोनियों होंगी शीघ्र वैध

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शहर में** नगरपालिका क्षेत्र के भीतर बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों में हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुविधाओं के तहत नीति के अनुसार नियमित 4 कालोनी वैध हो गई है। इसके लिए शहरी नगर निकाय के निदेशक द्वारा जिला नगर योजनाकार को कालोनी वैध करने के लिए स्थापित होने के लिए भेजी थी। नगरयोजनाकार विभाग ने नगर निकाय के आयुक्त के पास भेज दी। अब निकाय आयुक्त के माध्यम से उक्त कालोनियों को विकसित करने के लिए पंचकुला में शहरी नगर निकाय के मुख्य आयुक्त को भेज दी । शहर की कालोनी गन्नौर 11 नियर शिव गार्डन के साथ, न्यू बसंत बिहार, पंचवटी



कालोनी बड़ौत, हनुमान नगर बड़ौत को वैध कर दिया गया है। इसके अलावा 24 कालोनी में से जल्द ही अगले सप्ताह में चिन्हित करके वैध करवा दी जाएगी। ज्ञात रहे कि शहर की 4 कालोनीयां पहले प्रस्ताव में वैद्य हो गई है। अवैध कॉलोनियों को वैध करने के उद्देश्य से बनाई गई जिला स्तरीय कमेटी की बैठक के बाद अवैध कॉलोनियों का प्रस्ताव कमेटी के चेयरमैन व उपायुक्त के समक्ष रखा गया। विचार विमर्श के

**राहत**

**निकाय के निदेशक द्वारा जिला नगर योजनाकार को कालोनी वैध करने के लिए स्थापित होने के लिए भेजी थी**

बाद राज्य स्तरीय कमेटी ने इन कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लेकर 4 को पास कर दिया है। अब कॉलोनियों को अवैध से वैध करने के लिए एक सर्वे कराया था। सर्वे रिपोर्ट के बाद अब कालोनी वैध की है। कॉलोनियां वैध होने के बाद पॉलिसी के अनुसार एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाई जाएगी जो इन कॉलोनियों को विकसित करने, इनमें बिजली-पानी जैसी सुविधाएं देने का काम किया जाएगा। साथ ही यहां पर मौजूद प्लॉटों के नक्शे पास हो सकेंगे।

**4 कालोनी वैध, अगल हफ्ते में 6 और हो जाएगी वैध :** सचिव नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि शहर में 4 कालोनी वैद्य हो गई है। शीघ्र ही 6 कालोनी और हो जाएगी। जिनका खाका तैयार करके सुपरवाइजरी कमेटी को भेज दिया है। वैद्य होने वाली कालोनी में नगरपालिका द्वारा सभी सुविधाएं दी जाएगी। इसका सरकुलर बनाकर शहर के सभी विभागों के अधिकारियों के पास भेज दिया है।

## नारनौल की समस्त धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की चिंतन बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। बुधवार** देर शाम शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने मेवात में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुए नरसंहार के विरोध में पार्क गली स्थित दुलीचंद संघी भवन धर्मशाला में बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य विषय मेवात में हिंदू समाज द्वारा आयोजित ब्रजमंडल यात्रा पर हुए कथित नरसंहार की निंदा करना था। इस बैठक में नारनौल नगर की लगभग सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। चिंतन बैठक के बाद एक ज्ञापन भी सभी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम



लिखा गया। बैठक में गोविंद भारद्वाज प्रधान एएसडी एजुकेशन बोर्ड ने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है और एक सोची समझी साजिश है। इस प्रकार की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। प्रधान सनातन धर्म सभा धर्मचंद छाबड़ा ने कहा कि बहुत वर्षों पहले भी इस तरीके की घटना हुई थी जो कि आज दोबारा दोहराई गई है। अब समय है कि सनातन को जातियों में ना बंटकर हिंदू होना होगा। सत्यनारायण गुप्ता पूर्व प्रधान अग्रवाल सभा ने भी इस घटना की निंदा की।

## संपादकीय

# आचार की मजबूरी और विचार की लाचारी

**आजकल** निजी पारिवारिक जीवन और सार्वजनिक सामाजिक जीवन के तेजी से बदलते परिवेश में जिस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है वे भयावह हैं और निःसंदेह मनुष्य होने के मूल भाव को ही तिरस्कृत तथा अपमानित करने वाले जैसे लग रहे हैं। पिछले दिनों प्यार करना, लिव इन में रहना और फिर उसी प्रियजन की बर्बर हत्या की घटनाएं देश के कई कोनों से आईं। ऐसे ही पत्नी द्वारा प्रेमी की सहायता से पति की जान लेने जैसी भयानक वारदात की खबरें भी आती रही हैं। दुष्कर्म में व्यक्ति और समूह के स्तर पर लिप्त होने की भी घटनाएँ बढ़ रही हैं। ये सभी अंधे-अधूरे स्वार्थ के लिए रिश्तों की गहराती टूटन और आपसी भरोसे को कलंकित करने वाली घटनाएँ हैं। चिंता की बात यह है इस तरह की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वे बार-बार और जगह-जगह हो रही हैं। इन सबके बीच आज हमारा सामाजिक ताना-बाना असहज होता जा रहा है और उसमें गाँठें पड़ रही हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति देश के सार्वजनिक जीवन में भी घटित होती दिख रही है। देश के अनेक क्षेत्रों में ऐसी घटनाएँ हो रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए पश्चिम बंगाल से विभिन्न मौकों पर आहटें आ रही थीं कि किस तरह तात्कालिक राजनैतिक हित की खातिर द्वेष की आग में लोग झुलस रहे थे। ऐसे ही जंगलराज की ओर वापसी की खबरें बिहार से भी आ रही थीं। छत्तीसगढ़ में भी इस तरह की घटनाएँ हो रही थीं। प्रकट राजनैतिक हित के आगे सामाजिक सद्भाव, आपसी समझदारी और भरोसा बनाए रखने की जरूरत को भरसक नजर अन्दाज किया जाता रहा है। पूर्वोत्तर भारत के कला-संस्कृति से सम्पन्न मणिपुर में हुई ताजी हिंसा और दुराचार की अमानवीय घटनाओं की जो जानकारी सामने आ रही है वह समाज और सरकार दोनों में गहरे पैठी जड़ता, अविश्वास और घोर निष्क्रियता को उजागर कर रही है। इस घटना की जितनी भी निंदा और भर्त्सना की जाए वह कम होगी । इन जटिल परिस्थितियों के बीच मणिपुर की कानून व्यवस्था चरमरा गई और आम जनों में भय और दहशत की स्थिति व्याप्त होती गई। गौरतलब है कि मैतेयी और कुकी दोनों समुदायों की अस्मिता (या पहचान) और उससे जुड़े हितों को न समझना और उपेक्षा करना खतरनाक साबित हुआ। नए ज्ञान-विज्ञान, उद्योग, बाजार और तकनीक से लैस करती आधुनिकता की सबसे बड़ी सौगात अकेली अपनी अस्मिता का आविष्कार करना है। इसके असर में मनुष्य अब अधिकाधिक अस्मिताजीवी होता जा रहा है और एक जैसी अस्मिताएँ यदि आपस में जोड़ती हैं तो दूसरे समुदायों या ह्यगैरह्न से तोड़ती भी हैं। हम अपने समुदाय को श्रेष्ठ और दूसरे को खराब साबित करने में जुट जाते हैं। इस दौड़ के अगले पड़ाव में दोनों अस्मिताओं वाले लोग एक दूसरे के दुश्मन होने लगते हैं।

वे उन बड़ी (और शायद पुरानी पड़ती) अस्मिताओं जैसे- मनुष्य होना या भारतीय होना को भूलने लगते हैं। बड़ी अस्मिताओं के साथ जुड़ना और अपने को पहचानना साझेदारी पर टिकी होती हैं और उनमें परस्पर निर्भरता और पूरकता का रिश्ता होता है। ऐसे में सहयोग तथा संवाद का जरिया बन जाता है पर अलग और खास होती अस्मिताएँ तकरार का कारण बनती हैं। मणिपुर की स्थिति निश्चय ही जटिल है और उसके कई कारण हैं।

# युद्ध किसी भी समस्या का कभी भी समाधान नहीं

सुनील कुमार महला

> आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन, अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे ?बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है

**युद्ध** किसी भी समस्या का कभी भी स्थाई समाधान नहीं होता है। युद्ध में केवल और केवल विध्वंस है,आग है,धमाका है,खून है, चीत्कारें हैं। युद्ध मानवहीनता की पराकाष्ठा है, वास्तव में युद्ध करूणा का अंत है। युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता' युद्ध महान 'में कुछ यूं लिखते हैं-'अपना रथ भी दौड़ाऊं,बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान ,मेरी सैन्य-सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान !' रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं।

आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है। दिसंबर 2022 में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक यह बात सामने आई थीं कि , यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। दिसंबर 22 के ही आंकड़ों के अनुसार रूस भी युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है।अमेरिका-यूरोप-यूक्रेन और रूस के लिए युद्ध के अपने-अपने मायने हैं और नफे-नुकसान हैं। लेकिन, कुल मिलाकर बात यह है कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। करीब 32 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) का खर्च तो दिसंबर 22 तक ही हो चुका और इसके बाद तो सात महीने का और समय बीत चुका है तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस युद्ध पर कितना अधिक खर्च हो चुका है।जाहिर है, यूक्रेन को युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा है। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई और बेरोजगारी



जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ तो दिसंबर 22 तक ही पड़ा है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 24 फरवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक रूसी हमलों में यूक्रेन का 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। भारतीय करंसी में ये रकम 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है। आज स्थिति यह है कि युद्ध के कारण शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। पर्यावरण का कितना अधिक नुकसान हुआ है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक

हजारों लाखों लोगों की जानें जा चुकी है और हजारों लाखों लोग युद्ध के कारण विस्थापित हो चुके हैं। यहां तक कि लोगों की भोजन, ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही है और वे युद्ध की वजह से जीवित रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 24 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।

यूक्रेन की स्थिति तो यह है गई है कि यूक्रेन आने वाले पचास सालों में भी युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेगा, हालांकि युद्ध से रूस भी बरसों पीछे चला गया है और उसका भी नुकसान यूक्रेन से कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित और अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। यूक्रेन द्वारा रूस पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं लेकिन इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में जो बयान दिया है उसे गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और युद्ध को समाप्त करने की कोई न कोई पहल जरूर की जानी चाहिए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि रूसी सेना यूक्रेन के आत्मसमर्पण करने से पहले हमले रोकने को तैयार नहीं है, वही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अंतिम सांस तक मुकाबला करने, लड़ने की कसम खाई है। सच तो यह है कि यूक्रेन को नाटो देशों से मिल रहे हथियारों ने युद्ध को लंबा खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन जो भी हो इस युद्ध को रोका जाना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। हालांकि युद्ध के संबंध में पुतिन का यह कहना है कि वे कभी भी शांति पहल के खिलाफ नहीं रहे हैं लेकिन जब यूक्रेन की सेना बड़े पैमाने पर उनके देश पर हमले कर रही हों तो रूस की सेना युद्ध विराम कैसे कर सकती है ?

आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन,अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है। युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है। आज सोमालिया, कीनिया, इथियोपिया और दक्षिण सूडान जैसे देशों में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा सहायता की जरूरत है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस यूक्रेन युद्ध से मध्य पूर्व के कुछ देशों में भी खाद्य असुरक्षा पैदा हुई है और खाद्यान्न की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों में ही नहीं संपूर्ण विश्व में खाद्यान्न कीमतों में इस युद्ध के कारण बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। विश्व के अनेक देशों में युद्ध से गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। ऊर्जा व्यापार, कमोडिटी व्यापार, सेवाएं और यात्रा, निवेश और वित्त पर असर पड़ा है। इतना ही नहीं इस युद्ध के कारण आज संपूर्ण विश्व दो गुटों में बंट चुका है। सच तो यह है कि रूस यूक्रेन युद्ध को यदि तुरन्त नहीं रोका गया तो इससे विश्व शांति को गम्भीर खतरा पैदा हो जाएगा। रूस यूक्रेन के साथ ही अब अमेरिका एवं नाटो देशों को भी? अपनी जिद और दंभ छोड़ने की जरूरत है। अमेरिका और नाटो देशों की यह बहुत बड़ी भूल है कि वे यूक्रेन को सैन्य सहायता ,गोला बारूद व हथियारों की सप्लाई करके रूस से युद्ध जितवा देंगे।

यूक्रेन को भी नाटों में शामिल होने की महत्वकांक्षा को त्याग देना चाहिए और वार्ता की मेज पर आना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि '...दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थरार्ती है,स्वयं काल की काया भी यह चित्र देख घबराती है।'

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

## कविता

### प्रियदर्शिनी

देख तोय मृदु लोचन भए...!
कहन को तोय अनुराग,
मोरो मन व्याकुल होए।
देख तोरे नयन कारे ,
दिन में रात होए।
देख तोए मृदु लोचन भए ...!
भाल पे तोरे हिमालय के ,
दर्शन मोय होए,
देख चलत तोय।
मोय नर्मदा के ध्यान होए,
देख तोय मृदु लोचन भए...!
कहन को जो सब मन चाहे तोय,
पर मन में त्रास भरो है मोय।
ना जाने कैसे मिलन अपनो होय,
सो आज शब्द दए मोने कविता में पिरोए।
देख तोय मृदु लोचन भए...!

योगेश पटेल

# क्यों बन रहीं हैं हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली फिल्में

आर.के. सिन्हा

**आपको** न जाने कितनी इस तरह की फिल्में मिल जाएंगी जिनमें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को अपमानित होते हुए या गलत तरीके से पेश किये जाते हुए दिखाया गया है। यह किनके इशारे पर हो रहा है कसमझ नहीं आता कि अब हमारे यहां सार्थक फिल्में क्यों नहीं बनती? इसी तरह से बच्चों की पृष्ठभूमि पर फिल्में बनाना क्यों फिल्मकारों ने छोड़ दिया है? कुछ फिल्म वाले हिंदू धर्म और हिंदू धर्म के आराध्य देवी-देवताओं के साथ बार-बार खिलवाड़ करके पता नहीं क्या साबित करना चाहते हैं ? राम भारत की आत्मा में है। भारत की राम के बिना कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। नवजात शिशु के कान में पहला शब्द राम ही बोला जाता है और शवयात्रा में रामनाम सत्य है ही कहकर मृतात्मा को अंतिम विदाई डी जाती है कउन्हीं राम और रामायण को लेकर एक बेसिर पैर की फिल्म आदिपुरुष बना दी जाती है और सहिष्णु हिन्दू चुपचाप बैठे रहते हैं ।उस पर तगड़ा बवाल भी हुआ। सवाल ये है कि क्या सेंसर बोर्ड में खासमखास ओहदों पर बैठे ज्ञानियों ने आदि पुरुष को देखा नहीं था? उन्होंने उसे प्रदर्शन की इजाजत कैसे दे दी? इसके संवाद एक दम घटिया हैं। अब आमिर खान की फिल्म पीके को ही लें। इसमें भगवान शंकर के वेश में एक युवक को सड़कों पर बेताहशा दौड़ते हुए दिखाया गया था। क्या आमिर खान को यह दिखाना चाहिए था ? अब लीना मनिमेकलाई की फिल्म काली की बात कर लें। इसके पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है। क्या इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची? हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करना एक तरह से फैशन होता जा रहा है। यह सिर्फ हिन्दू समाज की सहिष्णुता की वजह से हो रहा है क जिस दिन हिन्दू भी ईश निंदा के मसले पर गंभीर हो जायेगा, तब हिन्दुओं का मजाक उड़ाने वालों का क्या होगा, यह सोचने की बात है जरा सोचिए कि जिस देश में 80 फीसद से अधिक हिंदू रहते हैं वहां पर ये गटर छाप फिल्में दिखाई जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कंट्रोवर्सी खड़ी करने के लिए जानबूझकर फिल्मों के कंटेट को हिंदू विरोधी बनाया जाता है। कुछ साल पहले अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम ने एक अध्ययन किया था। उन्होंने दावा किया था कि बॉलीवुड की फिल्में हिंदू धर्म के खिलाफ लोगों के दिमाग में धीमा जहर घोल रही हैं। फिल्मों के शैदाइयों को कई अन्य फिल्में भी याद आ जाएंगी जिनमें कला की स्वतंत्रता के नाम पर करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती रही। मैं यहां सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा हैं की खासतौर पर चर्चा करना जरूरी मानता हूं। इस फिल्म में पाकिस्तान की भारत विरोधी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) को भारत की हमदर्द एजेंसी के रूप में पेश किया गया था। तो क्या कुख्यात आईएसआई का हृदय परिवर्तन हो गया? क्या वह भारत की दोस्त और शुभचिंतक बन गई है? टाइगर जिंदा है की संक्षेप में कहानी का सार यह है इराक में भारत की नर्से कट्टरवादी इस्लामिक संगठन आईएसआईएस के कब्जे में आ गई हैं। उन्हें मुक्त करवाने के अभियान में भारत की सक्षम खुफिया एजेंसी रॉ का आईएसआई सहयोग करती है। इससे अधिक झूठ कुछ नहीं हो सकता। दिन को रात कहना कहां तक सही माना जाए? टाइगर जिंदा है को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। फिल्म हिट हुई थी। उसने तगड़ा बिजनेस भी किया था। पर सवाल वही है कि क्या आप क्रिएटिव फ्रीडम की आड़ में कुछ भी दर्शकों को पेश कर देंगे? क्या सेंसर बोर्ड सोया हुआ था, जिसने टाइगर जिंदा है को प्रदर्शन की अनुमति दे दी?

## विचार

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

डॉ सत्यवान सौरभ

**बुद्धिमान** लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है। अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को कानून-व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। जो लोग हिंसा के पीड़ित होते हैं, उनके हिंसा करने की आशंका बढ़ जाती है। "हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे गर्भधारण से जुड़ी चुनौतियां, काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। "दिक़्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है। इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त कानून की मांग करने लगते हैं। इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, खतरों से खेलता है। जैसे कि नुकसान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज्यादा खाना। बिना एहतियात बरते सेक्स करना। डॉक्टर हमेशा कहते हैं कि इलाज से बचाव बेहतर है। यानी किसी मर्ज.को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो, इससे निपटने का एक ही तरीका लोग बताते हैं, कानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान। या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त कानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है। हिंसा को इंसान का जन्मजात बर्ताव मान लिया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता। सोच यही है कि जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हें सही रास्ते पर नहीं लाया जा सकता। इसलिए सख़्त कानूनों की बात ही की जाती है। लेकिन, सख़्त कानूनों से बात बनती होती, तो कब की बन जाती। सऊदी अरब और ईरान में कई जुर्मों के लिए मौत की सजा है। मगर अपराध तब भी नहीं रुकते। भारत में भी कई अपराधों के लिए मौत की सजा मिलती है। मगर वो जुर्म अब भी होते हैं। हिंसा से किस प्रकार बचा जा सकता है? आज देश के जातीय दंगों के संदर्भ में, यह उद्धरण दो समुदायों के बीच संघर्षों को सुलझाने में कूटनीति और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिंसा का सहारा लेने के बजाय, जिसके सभी संबंधित पक्षों के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, बुद्धिमान नेता बातचीत और समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। प्रायः पड़ोसी राज्यों या धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष अक्सर होते रहते हैं, इसलिए हिंसा की घटनाओं को कम करने की दिशा में क्षेत्रीय एकीकरण एक महत्वपूर्ण प्रगति है। दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की संभावना के बारे में निर्णय लेने वालों की अनभिज्ञता के कारण अक्सर दंगा या हिंसा होती है। इस प्रकार यह संभव है कि सामुदायिक विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक, शांतिपूर्ण तकनीकों को विकसित और संस्थागत बनाकर और राज्यों को उनका उपयोग करने के लिए राजी करके दंगों की रोकथाम में योगदान दे सकते हैं। इसे राजनीतिक, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें प्रत्येक इकाई यह स्वीकार करती है कि किसी एक की सुरक्षा भी सभी की सामूहिक चिंता है। अतः वे खतरों और शांति के उल्लंघन के प्रति सामूहिक प्रतिक्रिया के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार, देश में में चल रहे जातीय संघर्ष को देखते हुए यह उद्धरण समकालीन समय के लिए प्रासंगिक है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्ची जीत ज्ञान और दूरदर्शिता के साथ संघर्षों से निपटने और हिंसा से बचने के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने से हासिल की जाती है। इसके अलावा, इसे न केवल हिंसा के लिए बल्कि रोजमर्रा के संघर्षों और चुनौतियों पर भी लागू किया जा सकता है। साथ ही, यह उद्धरण सफलता प्राप्त करने के लिए तैयारी, ज्ञान और दूरदर्शिता के महत्व पर भी जोर देता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मणिपुर संघर्ष व कम्युनिस्ट चीन की भूमिका !

भूपेन्द्र भारतीय

**मणिपुर** में मैतेई व कुकी जातियों का संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। इसकी पृष्ठ भूमि 1968 के वर्ष से मानी जाती है। तब कांग्रेस सरकार ने कुकी जाति को आधिकारिक रूप से मणिपुर में बसाया जाने के लिए समर्थन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। इन दो जातियों के बीच का संघर्ष राज्य के लिए अशांति का बड़ा कारण है । लेकिन उसके पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है। ऐसा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी कहा है और उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में चल रही हिंसा में चीन की भूमिका हो सकती है, उन्होंने कहा कि "विदेशी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता"।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, मणिपुर समेत नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर भारत) में सक्रिय उग्रवादियों को बड़ी संख्या में चीनी हथियार पहुंचाए जा रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन के बने इन हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में आशांति फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। इन तीन माह के संघर्ष के पहले भी मणिपुर में कई उग्रवादी संगठनों के तार चीनी एजेंसियों से जुड़े पाए गए हैं। उनसे चीनी हथियार भी पाए गए हैं। इन उग्रवादियों से जुड़े लोग चीन में जाकर प्रशिक्षण तक लेकर आये हैं और भारत के इस सुंदर प्रदेश को बड़ी हानि पहुंचाते रहे हैं। विश्व के अधिकांश देश जानते हैं कि चीन के अपने किसी भी पड़ोसी देश से अच्छे संबंध नहीं है। वह एक बिगड़ैल व विवादास्पद पड़ोसी देश है। ऐसे में मणिपुर संघर्ष व हिंसा में कम्युनिस्ट चीन का हाथ होना सामान्य सी बात है। मीडिया खबरों की माने तो खुफिया एजेंसियों से ऐसे चीनी हथियारों की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं जिनका इस्तेमाल उग्रवादी गुट मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय उग्रवादी गुटों के पास जिस तरह से चीनी हथियार पहुंच रहे हैं वो चिंता की बात है। और मणिपुर हिंसा व संघर्ष में कम्युनिस्ट चीन की सीधी सीधी भूमिका दिख रही है। मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है।

## मजबूरी कैसी-कैसी

डॉ. सुरेश कुमार

**अब** क्या बतावें भाई साहब, हँसने बैठते हैं तो समझ में नहीं आता कि शुरू किससे करें । कोई एक बात हो तो सलीके और संस्कार के साथ हँस लेवें इन्सान । यहाँ तो बरात लगी पड़ी है ससुरी । लोग जिस तरह औंधी खोपड़ी से नाच रहे हैं ना वैसा तो आज तक देखा नहीं हमने । कहने को कह रहे हैं आगे बढ़ो, दुनिया आगे बढ़ रही है, विकास हो रहा है ! फिर कहते हैं पीछे चलो बाप-दादा पुकार रहे हैं, पीछे सब अच्छा है !! अरे समझ में नहीं आता है कि आगा अच्छा है या पीछा !! जिसे देखो पगला रहा है ... ना ना हम राजनीति की बात नहीं कर रहे है और न ही करेंगे । हमें क्या करना है, इस बेरोजगारी में तो सर पे जो भी खड़ा होता है भारी ही दीखता है । कुर्सी पे कोई सच्चा-साधु बैठे या लुच्चा झलबार हमें क्या । आज जिन्दा हैं तो यहाँ आपके लिए श्याम भैया हैं कल मर कर फिर पैदा हुए तो कौन जाने करीम चाचा हो जाएँ । लोग तो कहते हैं लाखों योनियाँ हैं, आदमी कुत्ता बिल्ली भी हो सकता है ।

आदमी ही बनेंगे इसकी कोई गैरंटी है क्या ! इसलिए राजनीति की बातें करके हम काहे अपना और आपका कीमती समय बरबाद करें ! ... अब देखिये, आप इतनी गौर से बात सुन रहे हैं तो किसलिए ! कोई डर है हमारा ? या कोई कर्जा लिए हो हमसे ? ... अरे भाई इंसानियत लिए हो इसलिए दुःख बाँट रहे हो हमारा । वरना ढूंढ लीजिये यहाँ से वहां तक कोई अपनी इच्छा से किसी की मन की बात सुनता है क्या ? बकवास सुनाने का समय ही नहीं है किसी के पास । घर में बूढ़े अपना पसेरी भर समय लिये बैठे हैं सारा सारा दिन कोई चुटकी भर बाँटने वाला नहीं मिलता । एक जमाना था जब मिलने वाले फूल लिए खड़े रहते थे । ... लेकिन छोड़िये पुरानी बातें । ... हाँ तो हम कह रहे थे आत्मा जो है सूखी जाती है । बच्चों को पढ़ाये लिखाये इसलिए थे कि इनकी जिंदगी बन जाएगी । ये इन्सान बन जायेंगे, कुछ हमारी भी सदगति हो जाएगी । अब जब धरम करम का समय आया तो फुग्गे उड़ गए आकाश में । दो लाइन का फादर्स-डे वेक्सिन ठोंक देते हैं, सोचते हैं साल भर बाप को औलादी बुखार नहीं चढ़ेगा ।

## न्यूज फ्लैश

### विद्युत पोल में उतरा करंट, महिला की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत खंभे में करंट उतरने से महिला की मौत हो गई। महिला गांव के हनुमान मंदिर में साफ सफाई करने गई थी, इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मौके पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम पंचायत हसनपुर के गांव जरेलिया निवासी महिला राजकुमारी पत्नी स्व. महिपाल सिंह गांव के बाहर बने हनुमान जी मंदिर में साफ सफाई करने गई थीं। साफ सफाई करते वक्त पास में लगे खंबे में अर्थ के तार से महिला का हाथ लग गया, जिससे महिला का हाथ बुरी तरह झुलस गया व मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर में सफाई करते समय करंट लगने से महिला की मौत हो गई थी। महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक ने पत्नी को समझाने के लिए किया ऐसा कि पुलिस भी रह गई हैरान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पत्नी के साथ झगडे से तंग आकर युवक ने पत्नी को सबक सिखाने के लिए कुछ ऐसा किया कि पुलिस भी हैरान रह गई। युवक को पुलिस ने आगरा से पकडा और पूछताछ कर रही है। युवक ने घटना के पीछे की जो वजह बताई उसे सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। एक युवक ने पत्नी को सबक सिखाने के लिए ऐसा नाटक रचा कि पुलिस चकरघिन्नी बनी रही। आखिर दो दिन बाद युवक को सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि पुलिस युवक से लगातार पूछताछ कर रही है। अडींग कस्बे के रहने वाले युवक सोनू की मंगलवार की शाम को अडींग के पास से गुजर रही नहर में डूबने की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को बताए गये स्थान पर एक बाइक और चप्पलें मिलीं। बाइक का प्लग निकला हुआ था। सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। गोताखोरों की मदद से पुलिस ने युवक की नहर में तलाश शुरू कराई, लेकिन युवक का सुराग नहीं लग सका। युवक के परिजनों से भी पुलिस ने इस बीच पूछताछ की घटना के पीछे की वजह तलाशने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस को घटना संदेहास्पद लगी तो युवक सोनू के मोबाइल को पुलिस ने सर्विलांस पर लगा दिया। फोन लगातार बंद जा रहा था। गुरुवार की सुबह अचानक फोन खुला तो पुलिस को उसकी आगरा में लोकेशन मिल गई। पुलिस ने समय गंवाए बिना सोनू को आगरा में पकड लिया और मथुरा ले आई। पूछताछ मे सोनू ने पुलिस को बताया कि वह मरने का नाटक कर रहा था। उसकी पत्नी उससे झगडा करती है। वह मरने का नाटक कर उसे सबक सिखाना चाहता था।

### चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने दो युवकों को अलग अलग स्थानों से नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस गश्त कर रही थी। तभी नमक फैक्ट्री के पास, नंदगांव रोड पर उन्हें एक युवक संदिग्ध स्थिति में खड़ा दिखाई दिया। जिसे पकड़ कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। जिसकी पहचान इम्तियाज पुत्र इस्राईल, निवासी गांव विशंभरा, थाना शेरगढ के रूप में हुई। वहीं दूसरा युवक आगरा कैनाल नगर पालिका ट्यूबवेल के पास संदिग्ध खड़ा मिला। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। जिसने अपना नाम जुनैद पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी गांव विशंभरा, थाना शेरगढ़ बताया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया बताया।

### पूर्वदशम छात्रवृत्ति के लिए शासनादेश निर्गत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष, शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 व 10 छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण के लिए समय सारिणी एवं शासनादेश निर्गत की गयी है। निर्गत समय सारिणी के अनुसार जनपद में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करने, जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करने (नवीन संस्था) तथ मास्टर डाटाबेस में संपूर्ण सूचनायें भरकर अपलोड सात अगस्त से आठ सितम्बर तक किया जाएगा।

# 'बाढ़ ने कर दी यमुना की सफाई, अब प्रशासन की बारी आई'

**-जिलाधिकारी ने एसटीपी प्लांट मसानी का औचक निरीक्षण किया**
**-मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमण कर एसटीपी प्लांट मसानी का निरीक्षण करें: डीएम**



**मथुरा।** बाढ़ ने यमुना की सफाई कर दी है। अब ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन में लापरवाही न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने मसानी स्थित राधेश्याम कॉलोनी के पीछे बने एसटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने एसटीपी प्लांट के संचालन की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। तैनात स्टाफ की ड्यूटी पर कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने एसटीपी प्लांट में सीवेज के वाटर ट्रीटमेंट को बारीकी से देखा। श्री खरे ने स्कंडा कन्ट्रोल रूम में जाकर एसटीपी डेस्क, एसबीआर तथा ग्रिड चैम्बर का अवलोकन किया और विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा लेआउट से प्लांट की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को टेकनिकल कई प्रकार की कमियां मिली। एसटीपी प्लांट पर सीसीटीवी कैमरे बढाने के निर्देश दिये। सीसीटीवी से ऑनलाइन कनेक्ट किया जाएगा, ताकि यह पता चले कि प्लांट संचालित है या बंद है। इस दौरान उन्होंने क्लोरीन की भी जानकारी ली, क्लोरीन की कितनी मात्रा रोजाना प्रयोग होती है। उन्होंने निर्देश दिये कि क्लोरीन की जानकारी को स्कंडा सॉफ्टवेयर पर सेव रखें। जिलाधिकारी ने प्लांट के अधिकारी तथा जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यमुना में गंदा जल न जाये, इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम करें और अच्छी गुणवत्तापरक मशीनें लगाई जायें। उन्होंने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की खामियां पाए जाने पर संबंधित कार्यदाई संस्था और जल निगम के अधिकारी तथा कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## तालाबशाही स्थित मंदिर पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

**भाव विभोर**

**कलाकारों ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तालाबशाही स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। स्थानीय कलाकारों ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। कार्यक्रम का आरम्भ मंदिर के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद पालीवाल ने हनुमान जी का चोला अर्पित करके किया। तत्पश्चात जागेश शर्मा, हरिओम अग्रवाल, डा प्रहलाद, शिवहरि गर्ग ने संयुक्त रूप से श्री सुंदर कांड के पाठ का संगीतमय गायन किया। मंदिर के प्रबंधक राजेंद्र कुमार पालीवाल ने सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए कहा कि यह पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। मनुष्य को जीवन में कभी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है। सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। विश्व में सभी जगह सुंदरकांड की महिमा है। सुभाष बजाज, लालाराम शर्मा, लोकेश गौड़, सुरेंश चंद शर्मा आदि थे। रामनगर काली मंदिर में विहिप और बजरंग दल कार्यकताओं हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर शिवकांत चैधरी, महेशपाल, सुरजीत सिंह, योगेश शर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 15वीं अंतर्जनपदीय पुलिस कुश्ती कलस्टर प्रतियोगिता संपन्न

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आगरा जोन की 15वीं अंतर्जनपदीय पुलिस कुश्ती कलस्टर (महिला, पुरुष) प्रतियोगिता समापन मथुरा पुलिस लाइन में हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों व टीमों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग, आर्म रेसलिंग एवं बॉडी बिल्डिंग आदि में प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। प्रतियोगिता का आयोजन 31 जुलाई से दो अगस्त तक हुआ। इस प्रतियोगिता में आगरा जोन की अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा व मथुरा की महिला एवं पुरुष टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुल 65 महिलाएं एवं 214 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक मण्डल में महा कुश्ती संघ सचिव जनार्दन सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सौरभ राजपूत, रूद्र शर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार, नारायण सिंह, कु. दीपू, राजवीर सिंह, शिवा, ब्रज बिहारी, भगवान सिंह, रश्मि चतुर्वेदी, राहुल शर्मा, हर्ष शर्मा, अरुण कुमार, विनोद कुमार, ब्रज मोहन सिंह थे।

### शीशपाल प्रधान बने भाकियू चढूनी के मंडल महासचिव

**मथुरा।/टीम एक्शन इंडिया**
भाकियू चढूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने शीशपाल प्रधान सेलखेड़ा को आगरा मंडल का महासचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त मंडल महासचिव ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और लगन से किसानों के लिए काम करेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। शीशपाल प्रधान की नियुक्ति पर , प्रदेश महामंत्री सतीश चन्द्र, प्रदेश सचिव कुंतभोज रावत, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह, प उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बिल्ला सिंह सिकरवार, मंडल सलाहकार श्यामपाल सिंह, ओमवीर सिंह रावत, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है शुभकानाए दी हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जमुनापार क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त कर ली गई है। पुलिस से मिली सूचना पर परिजन भी पहुंच गये थे। जमुनापार क्षेत्र में धोबी घाट चिरंजी नगला के समीप बुधवार की रात करीब 11 बजे बाइक सवार युवक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से युवक बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान 25 वर्षीय अंकित निवासी कृष्णा बिहार कॉलोनी यमुनापार के रूप में हुई है।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवतम सप्ताह का शुभारंभ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीमद्भागवतम् सप्ताह ज्ञान यज्ञ से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दो अगस्त से आठ अगस्त तक चलने वाली कथा का शुभारम्भ 151 कलश की यात्रा के साथ हुआ। यात्रा श्री हनुमान बगीची सैनी धर्मशाला किशन टीला से प्रारम्भ होकर भरतपुर गेट, कोतवाली रोड से केलादेवी मंदिर भैंसबहोरा होती हुए सैनी धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकली गई। कथा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक कथा व्यास श्याम सुंदर शिवराम जी महाराज के द्वारा श्रवण कराई जाएगी। कथा का समापन नौ अगस्त को हवन, पूणार्हुति एवं भंडारे के साथ होगा।



**फोटो-**
फोटो परिचय- कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न,लक्ष्मी नारायण बने ब्लॉक अध्यक्ष

**निर्वाचन**

**मंत्री पद के लिए सिद्धार्थ कुमार, कोषाध्यक्ष ज्योति वीर सिंह, महिला उपाध्यक्ष दीप्ति वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की चौमुहां ब्लॉक इकाई का निर्वाचन पर्यवेक्षक मुरारी लाल शर्मा एवं हेमंत शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। चुनाव में सभी पदाधिकारी सभी पदों पर निर्विरोध चुने गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए लगातार तीसरी बार ठाकुर लक्ष्मी नारायण घोषित हुए। तथा मंत्री पद के लिए सिद्धार्थ कुमार, कोषाध्यक्ष ज्योति वीर सिंह, महिला उपाध्यक्ष दीप्ति वर्मा, उपमंत्री पद पर उत्तम चंद शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत व जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत ने संगठन पर प्रकाश डालते हुए आगामी 10 अगस्त को पुरानी पेंशन की बहाली की मांग लेकर रामलीला मैदान दिल्ली में सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक पहुंचने की अपील की। हिंदू इंटर कॉलेज कोसीकला के प्रधानाचार्य डॉ. गिर्राज सिंह व भाकियू भानु शैक्षिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने सदन में अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर बदन सिंह यादव मंडल उपाध्यक्ष, रमेश प्रताप सिंह, दया राम सिंह, मंजू राजपूत, उपेंद्र मोहन, लक्ष्मी देवी, कुसुम अग्रवाल, यशोदा कुमारी, रोमा, योगेंद्र अग्रवाल, घनश्याम सिंह, प्रताप सिंह, भूपेंद्र, अंजना, स्मृति, संगीता, शिव कुमार, सरोज रानी, नीरज अग्रवाल, वेद प्रकाश, देवेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, प्रताप सिंह राघव, उषा, हेमंत कुमार, ममता आदि उपस्थित रहे। संचालन देव प्रकाश सैनी द्वारा किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार बसों के संचालन की मांग

**- कोसी, पैगांव, शेरगढ़ तथा नौहझील व कोसी शाहपुर तक हो बस संचालन**
**- नाले की सिल्ट को सीधे ट्रॉली में उठाने का रखा प्रस्ताव**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
व्यापार बंधुओं की बैठक में व्यापारियों ने देहात के रूटों पर सरकारी बसों के संचालन की मांग उठाई। वहीं पालिका क्षेत्र के नालों से निकलने वाली सिल्ट को सीधे ट्रॉलियों से उठवाने सहित गौचर भूमियों के चिन्हांकन की भी मांग उठाई है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा के व्यापारियों द्वारा विभिन्न पहलुओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सुझाव दिए। जिनमें देहात क्षेत्र में बसों के संचालन की मांग उठाई। जिसमें मनीष अग्रवाल एलआई द्वारा कोसी से पैगांव, शेरगढ़,नौहझील व बाजना तक, कोसी से बुखरारी होते हुए शाहपुर, कोसी से कोकिलावन, नंदगांव बरसाना गोवर्धन हाते हुए सौंख तक बस संचालन की मांग की। वहीं पालिका क्षेत्र के नाले व नालियों की सफाई के दौरान सिल्ट को सीधे ट्रालियों में निकलवाने की मांग की। वहीं हाईवे से आने वाले मुख्य मार्ग की मरम्मत की भी मांग रखी है। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में गोचर भूमि के विचरण हेतु गांवों की संयुक्त भूमियों के चिन्हांकन कर स्थायी और अस्थायी गौशाला बनवाने का भी प्रस्ताव रखा है। मंडल अध्यक्ष अंकित मालवीय ने बताया कि मुख्य सस्याओं को बैठक में रखा गया था।
अब सभी बिंदुओं को विचार के लिए शामिल किया गया है। इस बाबत पत्र भी आवंटित किया गया है।

### सडक हादसे में मां, बेटी घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना मांट क्षेत्र में मथुरा रोड़ पर एक बिना नंबर टाटा ने गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सवार महिला व बेटी घायल हो गए व गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्राम शहदगढ़ी निवासी ब्रह्मदत्त शर्मा पुत्र चोखेलाल ने बताया कि गांव से गाड़ी टाटा अल्टरोज से मथुरा काम से जा रहे थे।तभी मांट क्षेत्र में नगला भूप सिंह के समीप बिना नंबर टाटा 407 ने पीछे से गाड़ी में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई व सवार तीन लोगों में से दो लोग मां बेटी घायल हो गए। जिनका कस्बा सुरीर में एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया। वहीं ब्रह्मदत्त शर्मा ने अपने ऊपर जानलेवा हमले की आशंका जाहिर की है व गाड़ी दूध की बताई है।थाना मांट में पीड़ित ने तहरीर देते हुए जान माल सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## ग्राम पंचायत में खुली बैठक हुई आयोजित



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील ग्राम पंचायत द्वारा खुली बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।सभी ने अपनी-अपनी बात रखी।ग्राम प्रधान द्वारा शीघ्र ही निस्तारण की बात कही गई। ग्राम सचिवालय पर ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में खुली बैठक आयोजित हुई।बैठक में राशन संबंधित शिकायत व विवाह स्थल की मांग की गई।शिकायतों को सुन प्रधान प्रशांत गुप्ता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत में चौथी राशन की दुकान का प्रस्ताव पास कर दिया जो कि शीघ्र ही दुकान आवंटित की जायेगी। वहीं विवाह स्थल हेतु शीघ्र ही जमीन देने की बात कही। वहीं प्रधान प्रशांत गुप्ता द्वारा लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई। बैठक में ग्राम सचिव केशव देव, सरपंच राजू गुप्ता, यज्ञदत्त गुप्ता, जल्ला, देवदत्त, हरेंद्र शर्मा,केशव कुशवाह,जवाहर कटारा,पूरन पाठक, सुभाष कटारा, जमुना सरन कटारा, मांगे लाल व मुन्नीलाल डीलर, सईदा, असलम,रिजवान, राजेश ठाकुर, अमरसिंह,लक्ष्क्षो आदि लोग मौजूद रहे।

## बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान का सरकार दे मुआवजा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एक पखवाड़े तक खतरे के निशान से ऊपर बही यमुना ने खादर के गावों में किसानों का बड़ा नुकसान किया है। अब किसान सरकार से नुकसान की एवज में मुआवजे की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने किसानों की आवाज उठाते हुए गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और वृंदावन के जहांगीरपुर सुनरख बाबूगढ़, नौहझील के छिनपारई आदि गांवों में बाढ़ के पानी से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करा कर उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की। यमुना किनारे 116 गांव हैं जिनमें यमुना के खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने पर खतरा पैदा हो जाता है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। महानगर अध्यक्ष पवन चतुवेर्दी ने वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवानदास निषाद के साथ संयुक्त रूप से कहा कि यमुना में आई बाढ़ के पानी से जहांगीरपुर वृंदावन बाबूगढ़ सुनरख आदि गांव के किसानों की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। किसानों की चरी बाजरा मक्का फूल की खेती पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। जिसका जल्द सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। राजवीर सिंह, लोकेश कुमार राही, सुनील चौधरी आदि ने कहा कि बाढ़ के पानी से बर्बाद किसानों को जल्द मुआवजा नहीं मिला को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता जिला प्रशासन के खिलाफ एक बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे। बाढ़ के पानी ने किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है लेकिन सरकार के नुमाइंदे हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं अभी तक किसी भी किसान के खेत का सर्वे नहीं हुआ है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष विनोद निषाद युवा नेता परसोत्तम निषाद सूरज निषाद विष्णु निषाद लुकुट बिहारी निषाद पप्पू निषाद आदि मौजूद थे।

## नशेबाजों ने रमणीय कुंड सरोवरों को बनाया 'अड्डा'

**सौंदर्यीकरण**

**80 लाख रुपये लगाकर सौंदर्यीकरण से लेकर अद्भुत पेंटिंग व जल शोधन का कार्य इस कुण्ड पर चल रहा है**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज क्षेत्र का सौंदर्यीकरण से लेकर श्रद्धालुओं के लिए ठहरने, खाने , पीने, व पुन निर्माण से लेकर प्राचीन कुण्डों का जीर्णोद्धार तक का कार्य कई समाजसेवी संस्थाएं कर रही है। हाल ही में बरसाना के आसपास के सात प्राचीन कुंड का जीर्णोद्धार से लेकर जल शोधन और सौंदर्यीकरण का कार्य श्री चैतन्य हेल्थ एण्ड केयर ट्रस्ट करा रहा। जिसमें बरसाना का प्रिया कुंड नामक प्राचीन कुंड का जीर्णोद्धार भी हो रहा है। बताया गया है कि 80 लाख रुपये लगाकर सौंदर्यीकरण से लेकर अद्भुत पेंटिंग व जल शोधन का कार्य इस कुण्ड पर चल रहा है देश विदेश से श्रद्धालु यहां इस कुंड का आचमन करने व सावन मास होने की वजह से प्रिया कुंड पर स्थित प्रियेश्वर महादेव के पूजा दर्शन करने हजारों लोग आते हैं। लेकिन श्रद्धालुओं की भावनाओं को जब ठेस पहुंचती हैं जब वे वहा नशेबाजों को शराब, गांजे का नशे करते लोगों को देखते हैं। श्रद्धालु आचमन करने कुंड में जाते है तो कुंड की सीढ़ियों पर शराब की बोतलें, शौच, गुटखा व पेशाब की गंध को देख ठीक से भी आचमन नही कर पाते और नहीं विश्राम कर पाते हैं। अगर सरकार व समाजसेवियों को इस ओर ध्यान नहीं गया तो सौंदर्यीकरण, व जल शोधन, पेंटिंग जैसे कार्य कुछ ही दिनो में अपना स्वरूप खो देंगे।

## देश का चीनी उत्पादन चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 3.41 फीसदी घटेगा : इस्मा

**नई दिल्ली।** देश में चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में चीनी का उत्पादन कम होने का अनुमान है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने चीनी का उत्पादन अक्टूबर 2023 से शुरू हो रहे नए चीनी विपणन वर्ष में 3.41 फीसदी घटकर 316.80 लाख टन रहने का अनुमान जताया है। इस्मा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में चीनी का उत्पादन 3.41 फीसदी घटकर 316.80 लाख टन रहने का अनुमान है। वहीं, चालू चीनी विपणन वर्ष 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन 328 लाख टन रहने का अनुमान है। चीनी उत्पादन में यह गिरावट इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने का अधिक इस्तेमाल किए जाने की वजह से आएगी। इस्मा ने शुरुआती चीनी उत्पादन का अनुमान जारी करते हुए कहा कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में करीब 45 लाख टन चीनी उत्पादन को इथेनॉल के लिए स्थानांतरित किया जाएगा। चालू सत्र में यह मात्रा 41 लाख टन है। वर्ष 2023-24 में चीनी का उत्पादन 275 लाख टन की घरेलू खपत से ज्यादा होगा, जिससे सीजन के अंत में 42 लाख टन का अधिशेष बचेगा। कर्नाटक एवं तमिलनाडु में गन्ने की खेती का क्षेत्रफल कम बना हुआ है। इसके बावजूद देश में चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में गन्ने का क्षेत्रफल 59.81 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले वर्ष के 59.07 लाख हेक्टेयर से कुछ ज्यादा है।



## भारत-ब्रिटेन के बीच 7 अगस्त से एफटीए पर 12वें दौर की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 12वें दौर की बातचीत की शुरुआत सात अगस्त से होने जा रही है। इस बैठक में दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार शामिल होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत और ब्रिटेन के मुख्य वार्ताकारों की अगली बैठक 7 अगस्त से शुरू हो रही है। एफटीए पर वार्ता के इस दौर में जिन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, उनमें निवेश संधि, वाहन, शराब पर शुल्क में कटौती और सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच 11वें दौर की वार्ता पिछले महीने संपन्न हुई थी। बातचीत के उस दौर के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल लंदन गए थे। उन्होंने बातचीत की प्रगति की समीक्षा की थी। दोनों देश चाहते हैं कि एफटीए पर बातचीत इस साल के अंत से पहले पूरी हो जाए। उल्लेखनीय है कि एफटीए पर वार्ता के 26 अध्याय में से 19 पूरे हो चुके हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के रूप में निवेश पर बातचीत चल रही है। ये मुक्त व्यापार समझौते के साथ संपन्न हो सकती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 20.36 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 17.5 अरब डॉलर था।



## ड्रैगन को पछाड़ने की राह पर हम! मॉर्गन स्टैनली ने भारत का स्टेटस बढ़ाया; चीन को झटका

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली ने भारत का स्टेटस बदलकर 'ओवरवेट' कर दिया है क्योंकि उसका मानना है कि देश का सुधार और मैक्रो-स्टेबिलिटी एजेंडा मजबूत पूंजीगत व्यय और लाभ के दृष्टिकोण का समर्थन करता है। ओवरवेट रेटिंग का मतलब है कि फर्म को उम्मीद है कि भारत की अर्थव्यवस्था भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करेगी। अमेरिका के एएए दर्जा खोने और चीन में आर्थिक मंदी की पृष्ठभूमि में भारत के स्टेटस में यह सुधार किया गया है। फर्म ने कहा कि भारत के मैक्रो संकेतक लचीले बने हुए हैं और अर्थव्यवस्था 6.2% जीडीपी पूर्वानुमान को प्राप्त करने की राह पर है। मॉर्गन स्टैनली के विश्लेषकों ने कहा, 'हमारी प्रक्रिया में भारत 6 से 1 तक पहुंच गया है, जिसमें सापेक्ष मूल्यांकन अक्टूबर की तुलना में कम है और बहुध्रुवीय विश्व गतिशीलता का लाभ उठाने की भारत की क्षमता एक महत्वपूर्ण रूप से फायदेमंद चीज है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत यकीनन विकास के एक लंबी लहर की शुरुआत में है, जबकि चीन अब उस लहर से बाहर निकल रहा है। फर्म ने चीनी शेयरों पर अपनी रेटिंग को भी घटाकर समान भारांक कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि निवेशकों को लाभ लेने के लिए सरकारी प्रोत्साहन प्रतिज्ञाओं से प्रेरित तेजी का लाभ उठाना चाहिए।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 86 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.13 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 85.79 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ 79.61 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## सरकार ने शुरू किया विवाद से विश्वास-2 योजना, 31 अक्टूबर तक जमा होंगे दावे

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सरकारी ठेकों से संबंधित लंबित मामलों को निपटाने के लिए विवाद से विश्वास-2 योजना शुरू की है, जिसमें 31 अक्टूबर तक दावे जमा करने होंगे।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि उसके व्यय विभाग ने सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों के ठेकों से संबंधित मामलों के निपटान के लिए विवाद से विश्वास-2 योजना शुरू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह योजना उन सभी घरेलू अनुबंध विवादों पर लागू होगी, जिनमें सरकार या उसके नियंत्रण वाला संगठन कोई एक पक्ष हो। इसके लिए ठेकेदारों को 31 अक्टूबर तक अपने दावे जमा करने होंगे। मंत्रालय के मुताबिक सरकार की इस योजना के तहत 30 अप्रैल या उसके पहले कोर्ट के आदेशों में देय राशि का 85 फीसदी तक हिस्सा ठेकेदार को दिया जाएगा। वहीं, 31 जनवरी या उसके पहले आए अदालती निर्णयों के मामले में यह राशि फैसले में सुनाई गई राशि के 65 फीसदी तक होगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सरकारी खरीद पोर्टल जीईएम ने अलग से एक वेब पेज भी बनाया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के लिए पात्र दावे सिर्फ जीईएम के जरिये ही किए जा सकेंगे। वहीं, रेल मंत्रालय के जीईएम से बाहर के अनुबंधों के मामले में ये दावे रेलवे के खरीद पोर्टल आईआरईपीएस (भारतीय रेलवे ई-खरीद प्रणाली) के जरिए ही दाखिल किए जाएंगे।




## ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी बरकरार, छह महीने बाद फिर होगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 51वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला बरकरार रखा गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई जीएसटी परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है, जिसकी छह महीने बाद समीक्षा की जाएगी।

सीतारमण ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग की 28 फीसदी दरों को बरकरार रखने का फैसला किया है। हालांकि, तीन राज्यों दिल्ली, गोवा और सिक्किम ने 28 फीसदी की दर को रिव्यू करने की मांग बैठक में उठाई है।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के फैसले की छह महीने समीक्षा करेगी, उसके बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि मानसून सत्र में सीजीएसटी कानून में संशोधन किया जाएगा। यह अधिनियम एक अक्टूबर से लागू हो सकता है।



उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी परिषद ने विदेशी गेमिंग कंपनियों पर सख्ती करने पर सहमति जताई है। विदेशी कंपनियों को अब रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। इस बैठक में निर्मला सीतारमण के साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव संजय मल्होत्रा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानमंडल सहित) के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। बैठक के बाद केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी दरों की समीक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं, वित्त सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के मसले पर जीएसटी काउंसिल की बैठक फैसला भले ही सर्वसम्मति से नहीं हुआ है, लेकिन यह सर्वसम्मति के बिल्कुल करीब रहा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ में लेन-देन की पूरी राशि पर 28 फीसदी की दर से कर लगाने का निर्णय किया गया था। जीएसटी परिषद के इस निर्णय पर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और संगठनों ने जीएसटी दर घटाने की अपील की थी।

## टमाटर की कीमत में भारी उछाल, मदर डेयरी आउटलेट पर 259 रुपये किलोग्राम

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में टमाटर की कीमतें एक बार फिर आसमान छू रही हैं। मदर डेयरी ने अपनी सफल खुदरा दुकानों पर टमाटर 259 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बेचा है। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि मौसम के खराब होने के कारण पिछले दो महीने से देशभर में टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। केंद्र सरकार ने भी टमाटर की बढ़ती कीमतों को देखते हुए 14 जुलाई से दिल्ली-एनसीआर में रियायती दर 70 रुपये प्रति किलोग्राम के दर पर



टमाटर की बिक्री शुरू की है। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की खुदरा कीमतें कम होने लगी थीं, लेकिन कम आपूर्ति के कारण इनमें फिर से उछाल आ गया है। एशिया की सबसे बड़ी फल और सब्जी थोक मंडी आजादपुर में टमाटर का थोक भाव आज गुणवत्ता के आधार पर 170-220 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। टमाटर के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने से इसकी कीमतें एक महीने से अधिक समय से बढ़ी हुई हैं।

## रिजर्व बैंक की एमपीसी बैठक अगले हफ्ते, नीतिगत दर पर होगा फैसला

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति एमपीसी की अगली द्विमासिक बैठक 8-10 अगस्त को होगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली वाली छह सदस्यीय एमपीसी बैठक के नीतिगत फैसलों की घोषणा 10 अगस्त को आरबीआई गवर्नर करेंगे। रिजर्व बैंक इस बैठक में भी नीतिगत ब्याज दरों को अपरिवर्तित रख सकता है।




बैंकिंग क्षेत्र के जानकारों एवं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि आरबीआई अगस्त में होने वाली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश खारा ने भी पिछले महीने एक कार्यक्रम में इसके संकेत दिए थे। आरबीआई पिछले आठ जून की मौद्रिक समीक्षा बैठक में लगातार दूसरी बार नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया था। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने पिछले साल मई से लेकर फरवरी तक रेपो दर में छह बार में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। हालांकि, आरबीआई ने अप्रैल और जून की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में रेपो दर को जस का तस रखा था। फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर स्थिर है।

## अंबुजा सीमेंट ने सांघी इंडस्ट्रीज का किया अधिग्रहण

**अहमदाबाद।** अरबपति गौतम अदानी के नेतृत्व वाले अदानी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट ने गुरुवार को बताया कि उसने सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वर्तमान प्रबंधकों से कंपनी की 56.74 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का करार किया है। अंबुजा सीमेंट के बयान में कहा गया है कि यह करार सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रवि सांघी और उनके परिवार के लोगों के साथ किया गया। इस अधिग्रहण के लिए सांघी इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 5000 करोड़ रुपए आंका गया है। इस अधिग्रहण के बाद अंबुजा सीमेंट की सीमेंट उत्पादन क्षमता वर्तमान 6.75 करोड़ से बढ़कर 7.30 करोड़ टन वार्षिकी हो जाएगी। अदानी ने एक बयान में कहा कि यह ऐतिहासिक अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट के कारोबार के विस्तार की यात्रा की गति तेज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । उन्होंने कहा कि अदानी समूह 2028 तक सीमेंट उत्पादन की अपनी क्षमता को 14 करोड़ टन वार्षिक करने की दिशा में बढ़ रहा है। समूह विनिर्माण सामग्री बाजार में एक बड़ी ताकत बन चुका है। उन्होंने कहा है कि अंबुजा सीमेंट लिमिटेड सांघी पुरम (कच्छ ) में वर्तमान सीमेंट कारखाने की क्षमता बढ़ाकर वार्षिक 1.5 करोड़ टन करेगी और वहां से लगे कैपटिव बंदरगाह के विस्तार के लिए धन लगाएगी ताकि वहां बड़े जहाज भी पहुंचे। श्री अदानी ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य सांघी इंडस्ट्रीज को भारत में सबसे मुनासिब दर पर क्लिंकर का उत्पादन करने वाली कंपनी बनाने का है।

उल्लेखनीय है कि सांघी गुजरात के कच्छ जिले में देश में एक ही स्थान पर सीमेंट का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा परिसर है।यह 2700 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और उसकी क्षमता 66 लाख प्रति वर्ष की है। उसके साथ 130 मेगा वाट का कैपटिव बिजलीघर और 13 मेगावाट क्षमता की अपशिष्ट ताप उपयोग प्रणाली भी लगी है।

## ग्लोबल मार्केट में कमजोरी जारी, एशियाई बाजार भी लुढ़के

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट में आज भी निराशा का माहौल बना नजर आ रहा है। वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले कारोबारी सत्र में जोरदार गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार में भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना। इसी तरह एशियाई बाजार भी आज दबाव में कारोबार करते नजर आ रहे हैं।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच द्वारा अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाए जाने का असर पिछले कारोबारी सत्र के दौरान भी ग्लोबल मार्केट पर छाया रहा। डाउ जॉन्स 348.16 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 35,282.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.38 प्रतिशत टूट कर 4,513.39 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 310.47 अंक यानी 2.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,973.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। एफटीएसई इंडेक्स 104.64 अंक यानी 1.38 प्रतिशत कमजोर होकर 7,561.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 93.24 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की गिरावट के




साथ 7,312.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 220.38 अंक यानी 1.38 प्रतिशत फिसल कर 16,020.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव की स्थिति बनी हुई है। एशिया के 9 बाजारों में से सिर्फ 2 बाजार के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 6 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,544.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,899.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर निक्केई इंडेक्स 340.79 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 32,366.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 0.51 प्रतिशत टूट कर 2,603.12 अंक के स्तर तक लुढ़क गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,542.63 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत टूट कर 3,255.88 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,490.34 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,321.69 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट- बाजार में तेजी से 29 हजार डॉलर के पार पहुंचा बिटकॉइन

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल 6 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि तीन आभासी मुद्राएं रेड जोन में बनी हुई हैं। इसके अलावा यूएसडी कॉइन बिना किसी उतार-चढ़ाव के सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 1.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 29,455.22 डॉलर यानी 24.33 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर



रही थी। इसके अलावा दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम 1.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,854.71 डॉलर के स्तर पर बनी हुई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 0.03 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.83 प्रतिशत, कार्डानो 0.67 प्रतिशत और सोलाना 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेथर 0.02 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.15 प्रतिशत और ट्रॉन 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट के मार्केट कैप में 1.09 प्रतिशत की तेजी आई है। इस तेजी के कारण क्रिप्टो करेंसी का मार्केट कैप बढ़ कर 1.18 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 97.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में 3,970 करोड़ डॉलर यानी करीब 3.28 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी का लेन-देन हुआ है, जो 1 दिन पहले की तुलना में 21.81 प्रतिशत अधिक है। पिछले 24 घंटे के दौरान बिटकॉइन की स्थिति भी क्रिप्टो करेंसी मार्केट में 0.37 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिससे क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी बढ़ कर 48.55 प्रतिशत हो गई है।

## एक ही दिन में 1401 करोड़ के निवेश के साथ 4 एमओयू पर हस्ताक्षर

**गांधीनगर/अहमदाबाद।** वाइब्रेंट समिट-2024 के पूर्वार्ध में राज्य सरकार ने विभिन्न उद्योगों के साथ अभी से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी के दूसरे चरण में गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में विभिन्न उद्योग समूहों ने राज्य में उद्योग शुरू करने के लिए 1401 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 4 एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अनुसार, केमिकल सेक्टर में कुल 1401 करोड़ रुपए के निवेश के लिए 4 उद्योग समूहों ने एमओयू किए। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की 10वीं शृंखला जनवरी-2024 में आयोजित होने जा रही है। एमओयू करने वाले ये उद्योग समूह भरूच जिले के सायखा और दहेज औद्योगिक क्षेत्र (जीआईडीसी) में अपने उद्योग शुरू करेंगे। उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत और राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में इस एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से उद्योग विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी एसजे हैदर और उद्योग समूहों के संचालकों की ओर से उनके वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशकों ने हस्ताक्षर किए। हर आयोजित होने वाले एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम की अब तक आयोजित दो कड़ियों में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए कुल 2761 करोड़ रुपए के निवेश के 10 एमओयू किए गए हैं। इन उद्योगों के शुरू होने से 5 हजार से अधिक संभावित रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिसमें टेक्सटाइल सेक्टर में 1800, इंजीनियरिंग सेक्टर में 700, फार्मास्युटिकल सेक्टर में 500 और केमिकल सेक्टर में 2285 संभावित रोजगार अवसरों का सृजन होगा। एमओयू करने वाले उद्योगपतियों ने कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को साकार करने वाला बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर है, इसके चलते वे गुजरात में अपने उद्योग शुरू करने के लिए आकर्षित हुए हैं। उन्होंने इस बात की भी प्रशंसा की कि राज्य में उद्योगों को आसानी से शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में सक्रिय प्रशासन कार्यरत है। हुए एमओयू के अनुसार सायखा और दहेज जीआईडीसी में 2024-25 और 26 तक इन उद्योगों को शुरू करने के लिए जो 4 एमओयू हुए हैं, उनमें गुजरात फ्लोरो केमिकल्स की ओर से दहेज-2 में 50 करोड़ रुपए के निवेश के साथ औद्योगिक इकाई स्थापित की जाएगी। इस इकाई में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बैटरी में केमिकल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले लिथियम हेक्साफ्लोरो फॉस्फेट का उत्पादन किया जाएगा।

## श्रीलंका में घरेलू भुगतान में भी इस्तेमाल होगा भारतीय रुपया? सेंट्रल बैंक ने साफ की स्थिति

**कोलंबो।** हाल ही में श्रीलंका की सरकार ने भारतीय रुपया को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में मंजूरी दी थी। जिसके बाद अब भारत और श्रीलंका के बीच भारतीय मुद्रा में व्यापार हो सकेगा। लेकिन, भारतीय मुद्रा का प्रयोग द्वीप राष्ट्र में घरेलू लेन-देन के लिए नहीं होगा। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक ने यह साफ कर दिया है। सेंट्रल बैंक ने साफ कहा है कि द्वीप देश में भारतीय रुपये के साथ किसी भी घरेलू लेनदेन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही उसने लोगों को इस मुद्दे से जुड़ी गलत जानकारी से गुमराह नहीं होने की भी चेतावनी दी है। शीर्ष बैंक ने कहा कि भले ही भारतीय रुपये (टुकड़ा) को एक निर्दिष्ट विदेशी मुद्रा के रूप में समर्थन दिया गया है, लेकिन यह घरेलू भुगतान के लिए श्रीलंका में कानूनी निविदा नहीं है। केंद्रीय बैंक ने बयान जारी कर कहा कि श्रीलंका में रहने वालों के बीच कोई भी लेनदेन लंकाई रुपया में होगा। ये मुद्रा श्रीलंका में कानूनी निविदा है। बयान में श्रीलंकाई बैंक ने कहा है कि अगस्त 2022 में श्रीलंका में भारतीय रुपये को विदेशी मुद्रा के रूप में नामित किया गया था।

इसमें यह भी कहा गया है कि मार्च 2000 में लागू हुए भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते के बाद श्रीलंका और भारत के बीच व्यापार तेजी से बढ़ा है। दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कई बार सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने आरबीआई को बताया है कि वह भारतीय मुद्रा को एक निर्दिष्ट विदेशी मुद्रा के रूप में अधिकृत करने की इच्छा रखता है।

## फिलीपींस में एक छोटा विमान दुर्घटना का शिकार; भारतीय छात्र पायलट समेत दो की मौत

**मनीला।** फिलीपींस में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक भारतीय छात्र पायलट और उसके फिलिपिनो ट्रेनर की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो सीटों वाला विमान अपायाओ प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो



लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मी दुर्घटनास्थल से कैप्टन एडजेल जॉन लुंबाओ तबुजो और छात्र पायलट अंशुम राजकुमार कोंडे के शव नहीं निकाल सके। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इको एयर सेसना 152 विमान मंगलवार दोपहर 12:16 बजे लाओआग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टेकऑफ हुआ था। इसके बाद उसका संपर्क टूट गया और वह लापता हो गया। इसे दोपहर 3:16 बजे तुगुएगाराव हवाई अड्डे पर पहुंचना था। विमान का मलबा बुधवार दोपहर को अपायाओ प्रांत में मिला। फिलीपींस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएपी) ने कहा कि एक खोज टीम को उत्तरी अपायो प्रांत में लापता छोटा विमान सेसना 152 का मलबा मिला। सीएएपी के प्रवक्ता एरिक अपोलोनियो ने बताया कि विमान में सवार दो व्यक्तियों के शवों को निकालने के लिए अभियान जारी है। इस बीच फिलीपींस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने विमान के संचालक इको एयर इंटरनेशनल एविएशन अकादमी के संचालन को निलंबित कर दिया है। जांच पूरी होने तक फ्लाइंग स्कूल का संचालन निलंबित रहेगा।

## दुबई में रहने वाले मुंबई के सचिन ने जीता साप्ताहिक महजूज ड्रॉ; 45 करोड़ रुपये पाकर बने करोड़पति

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक 47 साल के भारतीय प्रवासी की लॉटरी लगी है। दुबई में रहने वाले टेक्नीशियन सचिन ने 139वें महजूज सुपर सैटरडे का शीर्ष पुरस्कार जीता है। इस साप्ताहिक ड्रा में उन्हें 20 मिलियन दिरहम (लगभग 45 करोड़ रुपये) मिले हैं। वहीं, एक अन्य भारतीय ने भी एक मिलियन दिरहम का ईनाम जीता है। इसके बाद इस ड्रा के माध्यम से करोड़पति का दर्जा हासिल करने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ कर 20 हो गई है। गौरतलब है कि सचिन मूल रूप से मुंबई के रहने वाले हैं। वे 25 सालों से दुबई में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। ड्रॉ जीतने के बाद सचिन ने बताया कि मैं हर हफ्ते महजूज में भाग लेता रहा हूं। मै हमेशा बड़ी जीत की उम्मीद करता था। अब यह जीत मेरे और मेरे परिवार का जीवन बदल देगी। इसके साथ ही एक अन्य भारतीय प्रवासी गौतम ने भी ड्रॉ से एक मिलियन दिरहम (लगभग 2.25 करोड़ रुपये) का पुरस्कार जीता है।

# इमरान की पार्टी पीटीआई की चुनावी मान्यता खतरे में, पार्टी को ईसीपी का नोटिस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नए संकटों से घिर गए हैं। इमरान खान की अगुवाई वाली पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान को नोटिस जारी कर शुक्रवार को उनके समक्ष पेश होने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर उनकी पार्टी को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। जीयो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के शीर्ष चुनाव निकाय ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई के भीतर लंबे समय से चुनाव नहीं कराए जाने को लेकर नोटिस दिया है। जिसमें इसे लेकर चुनाव आयोग द्वारा



पीटीआई अध्यक्ष को पूर्व में दिए गए नोटिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि पार्टी के संविधान के मुताबिक पीटीआई के आंतरिक चुनाव 13 जून 2012 में होने वाले थे। चुनाव अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनाव कराने को लेकर पीटीआई को सूचित भी किया गया था लेकिन पार्टी इससे संबंधित कोई दस्तावेज देने में विफल रहा।

चुनाव आयोग ने एक और मौका देते हुए पार्टी के आंतरिक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल मई में अंतिम नोटिस जारी करते हुए 13 जून 2022 की विस्तारित तिथि दी। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि आगे किसी भी तरह का समय नहीं दिया जाएगा।

नोटिस के बाद पीटीआई ने पार्टी के संशोधित संविधान की प्रति जमा की जिसे चुनाव आयोग ने अपर्याप्त माना।

इस मामले में एकबार फिर नोटिस दिए जाने के बाद पूरा मामला सरगर्म हो गया है। इस कार्यवाही से इमरान की अगुवाई वाली पार्टी पीटीआई की चुनावी मान्यता खतरे में आ गई है।

## चीन में तय होगी किशोरों के मोबाइल उपयोग की समय सीमा

**हांगकांग।** चीन ने बच्चों और किशोरों में मोबाइल की लत पर चिंता जताते हुए उनके उपयोग की समय सीमा तय करने की तैयारी कर रहा है। युवा विशेषकर बच्चों में स्मार्ट फोन की दीवानगी लत बनती जा रही है। चीन के साइबर स्पेस रेगुलेटर (सीएसी) ने कहा कि दिनभर में बच्चों की ओर से स्मार्ट फोन के उपयोग को दो घंटे तक सीमित किया जाना चाहिए। सीएसी का कहना है कि वह चाहता है कि स्मार्ट डिवाइस से जुड़ी कंपनियां ऐसे नाबालिग



मोड की सुविधा दे, जिसमें रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक 18 वर्ष से नीचे उम्र वाला इंटरनेट एक्सेस न कर सके। प्रस्तावित बदलाव में कंपनी की ओर से समय की भी सीमा तय की जाए। प्रस्ताव के अनुसार, 16 और 18 वर्ष के बीच के किशोरों के लिए यह समय सीमा दो घंटे तय हो। आठ से 16 वर्ष के बीच वालों के लिए यह एक घंटे, जबकि आठ वर्ष से नीचे के बच्चों के लिए यह सिर्फ आठ मिनट हो। साथ ही साइबर स्पेस रेगुलेटर ने सेवा प्रदाता कंपनियों से कहा है कि वह समय सीमा तय करने का अधिकार उनके परिजनों को दे।

# रूसी ड्रोन हमले से यूक्रेन के बंदरगाह पर भारी नुकसान

**कीव।** यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध में करीब डेढ़ साल बाद भी दोनों तरफ से हमले जारी हैं। ताजा हमले में रूस ने यूक्रेन के बंदरगाह पर हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे आतंकी हमला बताया। यूक्रेन के साथ खाद्यान्न निर्यात समझौता रद्द करने के बाद रूस उसके निर्यात ढांचे को बर्बाद करने में लगा है।

रोमानिया सीमा के नजदीक यूक्रेन की डानुबे नदी के तट पर बने बंदरगाह पर रूस ने ड्रोन हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाया। इस हमले में इजमेल बंदरगाह का भवन नष्ट हो गया और वहां से जहाजों में खाद्यान्न का लदान रुक गया है। हमले में बंदरगाह भवन के आसपास के भवनों को भी नुकसान हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि रूसी आतंकियों ने एक बार फिर से बंदरगाह, खाद्यान्न और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को निशाना बनाया है। यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री ओलेक्जेंडर कुब्राकोव ने कहा है



कि रूसी हमले से करीब 40 हजार टन खाद्यान्न का नुकसान हुआ है। यह खाद्यान्न अफ्रीकी देशों, चीन और इजरायल भेजा जाना था। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए ने कहा है कि निशाना बनाया गया बंदरगाह और खाद्यान्न गोदाम विदेशी लड़ाकों के अड्डे थे। वहां पर हथियार रखे जाते थे और युद्धपोतों की मरम्मत का काम होता था। बंदरगाह से खाद्यान्न का लदान बंद होने से नजदीक खड़े विदेशी मालवाहक जहाजों के आवागमन को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इस अनिश्चितता के चलते विश्व बाजार में गेहूं के मूल्यों में पांच प्रतिशत तक की भारी बढ़ोत्तरी हो गई है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन से टेलीफोन वार्ता में साफ कर दिया है कि काला सागर से यूक्रेनी जहाजों को गुजरने की अनुमति तब दी जाएगी जब रूस को भी खाद्यान्न और उर्वरक के निर्यात की समान रूप से सुविधा मिले। विदित हो कि यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका, यूरोप और कई अन्य देशों ने रूस पर जहाजों के आवागमन को प्रतिबंधित कर रखा है।

## सोना तस्करी मामले में चार चीनी नागरिकों के खिलाफ 'लूकआउट' नोटिस जारी

**काठमांडू।** हांगकांग के रास्ते नेपाल होते हुए भारत भेजे जाने वाले एक क्विंटल सोने की तस्करी के मामले में परत दर परत चीनी नागरिकों की संलग्नता सामने आ रही है। इस मामले की जांच कर रहे राजस्व अनुसंधान विभाग (डीआरआई) ने चार अन्य चीनी नागरिकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।

जांच में संलग्न एक अधिकारी ने बताया कि अब तक पकड़े गए तीन चीनी नागरिकों के बयान, उनके पास से मिले अन्य सबूत तथा मोबाइल के कॉल डिटेल्स से अब तक चार अन्य चीनी नागरिकों के इस तस्करी में संलग्न होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। हालांकि अब तक उनकी पहचान को सार्वजनिक नहीं किया गया है लेकिन देशभर के हवाईअड्डों और सीमा नाका पर उनका विवरण भेज दिया गया है।

इन चार संदिग्ध चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी के लिए काठमांडू सहित पोखरा में भी कई होटलों और गेस्ट हाउस में छापेमारी की जा रही है। जांच एजेंसी का दावा है कि ये चारों संदिग्ध चीनी नागरिक अब भी नेपाल में ही हैं। पकड़े गए आरोपित के बयान के बाद डीआरआई के तरफ से काठमांडू के धुम्बाराही, मण्डिकाटार, लाजिम्पाट और



थापासी के पांच घरों पर छापा मारा गया है। इसके अलावा टोखा और सोह्रखुट्टे में रहे उनके गोदाम में भी छापा मारा है। इन सब स्थानों से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। एक जांच अधिकारी के मुताबिक अब तक 22 मोबाइल फोन जब्त किया गया है, जिसको जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। सौ किलो सोने की तस्करी मामले में डीआरआई ने दावा छिरिंग नामक जिस चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है उसके पास चीन के अलावा बेल्जियम का पासपोर्ट और नेपाल का नागरिकता प्रमाण पत्र भी मिला है। इसी तरह चीनी मूल के भारतीय नागरिक थुप्तेन छिरिंग और चीनी नागरिक झियांग लिन को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है। इसके अलावा अब तक 15 नेपाली नागरिकों को भी गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी गई है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत शुरू कराना चाहता है अमेरिका, विदेश मंत्रालय ने दिया बड़ा बयान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत शुरू कराने का समर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जैसा कि हमने पहले भी कहा है कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच चिंता वाले मुद्दों पर सीधी बातचीत का समर्थन करेंगे। खास बात ये है कि अमेरिका का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की पांच अगस्त को वर्षगांठ है।

बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में अपने एक बयान में भारत के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के इसी बयान को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता से सवाल किया गया था। सोमवार को इस्लामाबाद में मिनरल्स सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा था कि देश को फिर से बनाने के लिए वह पड़ोसी देशों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।

**पहले भी बातचीत की पेशकश कर चुका है अमेरिका**

बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत-



पाकिस्तान के बीच बातचीत का समर्थन किया हो। इसी साल मार्च में भी अमेरिका के विदेश विभाग के तत्कालीन प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि अमेरिका दोनों देशों में बातचीत कराने के लिए तैयार है लेकिन पहले इसके लिए दोनों देश तैयार हों।

नेड प्राइस ने कहा था कि अमेरिका दोनों देशों के सहयोगी के तौर पर बातचीत के लिए मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिका कभी एक दूसरे के सबसे बड़े विरोधी रहे सऊदी अरब और इस्राइल के बीच भी बातचीत के लिए मध्यस्थता की भूमिका निभा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते हफ्ते इस्राइल के खुफिया विभाग के प्रमुख ने अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान अमेरिका के एनएसए जैक सुलिवन और मोसाद चीफ डेविन बार्निया के बीच लंबी बातचीत हुई थी। जैक सुलिवन ने हाल ही में सऊदी अरब का भी दौरा किया था। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात की चर्चा है कि अमेरिका, इस्राइल और सऊदी अरब के बीच बातचीत करा रहा है और दोनों देशों के बीच जल्द ही कूटनीतिक रिश्ते कायम हो सकते हैं।

# नूंह हिंसा को लेकर अमेरिका ने जारी किया बयान, कहा- हिंसा से बचें सभी पक्ष, शांति बनाए रखें

**वाशिंगटन।** नूंह में शोभायात्रा पर हुए हमले के बाद भड़की हिंसा की आग गुरुवार चौथे दिन पूरे दक्षिण हरियाणा में फैल गई। गुरुग्राम और आसपास के इलाकों में सरकार ने शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं शनिवार तक के लिए निलंबित कर दी हैं। इस बीच, अमेरिका के विदेश विभाग ने शांति का आह्वान और पार्टियों से हिंसा से दूर रहने का आग्रह किया।

अमेरिकी प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि हमेशा की तरह हम अब भी शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। वहीं, उन्होंने पार्टियों से हिंसक कार्रवाइयों से दूर रहने का आग्रह किया। मिलर ने आगे कहा कि हमें इस बारे में नहीं पता था। अमेरिका के लोगों से सुनने में आया। फिर दूतावास से संपर्क किया है।

**यह है मामला**

नूंह में सोमवार दोपहर जिले से गुजर रही शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा पूरे दक्षिण हरियाणा में फैल गई। दंगे में अब तक 6 लोगों की मौत हुई है। इनमें दो होमगार्ड व चार आम नागरिक हैं। वहीं, लगभग 20 पुलिसकर्मियों सहित दर्जनों लोग हिंसा की चपेट में आ गए हैं।

**एसआईटी का गठन**

सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए विशेष जांच दल





(एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने हिंसा में हुए नुकसान की वसूली उपद्रवियों से ही करने का एलान किया। सरकार ने शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए, नूंह, फरीदाबाद और पलवल जिलों के अधिकार क्षेत्र में और गुरुग्राम जिले के सोहना, पटौदी और मानेसर उप-मंडलों के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 5 अगस्त तक निलंबित कर दी हैं। हरियाणा के गृह सचिव द्वारा पारित आदेश में कहा गया है कि इन जिलों में हालात गंभीर और तनावपूर्ण बने हुए हैं।

**मोनू मानेसर की भूमिका की भी होगी जांच**

दंगे में मोनू मानेसर की भूमिका को लेकर उठने वाले सवाल पर पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल ने मामले की जांच के लिए अलग से एसआईटी गठित करने की बात कही है। नूंह में निकलने वाली शोभायात्रा से पहले सोशल मीडिया पर मोनू मानेसर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उसने लोगों से शोभायात्रा में पहुंचने की बात कही थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मोनू मानेसर का वीडियो वायरल होने और फिर इंटरनेट पर उसे डिलीट करने के मामले के बाद हालात बिगड़े, यह जांच का विषय है। इसकी जांच एसआईटी करेगी और जिन लोगों की मिलीभगत होगी, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि मोनू मानेसर पर पटौदी थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, जिसकी जांच अभी लंबित है। भरतपुर, राजस्थान के रहने वाले जुनैद की हत्या में उसका नाम आया था, जिसके बाद वह सुर्खियों में आया था। मेवात की जनता पहले से ही उससे रंजिश रख रही थी।

# किशोरी को शराब पीने के लिए बुलाया, फिर 14 साल तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्म; पुलिस ने अब कराया आजाद

**मास्को।** रूस से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने मानवता की सारी हदें पार कर दी हैं। दरअसल, यहां एक आदमी ने करीब 14 साल तक एक बच्ची को अपनी कैद में रखा और उसको अपनी हैवानियत का शिकार बनाया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी रूस के चेल्याबिंस्क में एक लड़की को 14 साल तक सेक्स स्लेव के रूप में रखने के आरोप में 51 वर्षीय व्लादिमीर चेस्किडोव को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि स्मोलेनो गांव स्थित आरोपी के घर से महिला हाल ही में भाग निकली और पुलिस के पास पहुंची। बताया जा रहा है कि आरोपी की मां ने महिला की भागने में मदद की। महिला, जो अब 33 वर्ष की है, उसने बताया कि एक बस अड्डे पर चेस्किडोव से मिली थी। इस दौरान दोनों में बातचीत हुई और घर पर पार्टी करने का प्लान बना। साल 2009 में एक दिन आरोपी ने उसे शराब पीने के लिए अपने घर



बुलाया। जब वह घर पहुंची तो आरोपी ने कथित तौर पर चाकू निकाल लिया और उसे अपना बंधक बना लिया। । पीड़िता ने कहा कि इस दौरान एक हजार से अधिक बार उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, छोटी-छोटी बातों पर उसे बार-बार प्रताड़ित किया जाता था। उसे सिर्फ चाकू की नोक पर घर के काम करने के लिए बेडरूम से बाहर जाने की इजाजत थी। आरोपी छोटी-छोटी बात पर बेरहमी से पीटता था। जांच अधिकारियों ने बताया कि आरोपी मानसिक बीमारी से पीड़ित है और उसकी हालत बिगड़ने के बाद उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जिससे महिला को घर से भागने का मौका मिल गया। महिला ने बताया कि चेस्किडोव साल 2011 में ओक्साना नाम की एक महिला को घर पर लाया था, जिससे उसका झगड़ा हो गया और उसने गुस्से में उसपर कई बार चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं ओक्साना की कील ठोककर हत्या कर दी। महिला ने कहा कि बाद में शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे मजबूर किया। पीड़िता की शिकायत पर जब पुलिस ने तलाशी ली तो सेक्स टॉयज और अश्लील वीडियो मिले। इसके अलावा, घर के तहखाने में मानव अवशेष पाए गए। चेस्किडोव के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म और अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। वहीं, आरोपी की मां वेलेंटीना को भी महिला के अपहरण में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं, पूछताछ के दौरान चेस्किडोव ने सभी आरोपों को झूठा बताया है।

## खालिस्तान समर्थकों ने फिर लगाए भारतीय राजनयिक के वांटेड के पोस्टर, भारत ने जताया कड़ा विरोध

**टोरंटो।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में एक बार फिर सेंध लगा दी। इस बार वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के प्रवेश द्वार के पास भारत विरोधी पोस्टर चिपकाया गया है। भारत ने कनाडा के अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई है। लगाया गया यह पोस्टर पिछले सप्ताह सरे व वैंकूवर में जगह-जगह लगाए गए पोस्टरों के जैसा ही था। इन पोस्टरों में ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त और वैंकूवर व टोरंटो में महावाणिज्यदूतों की तस्वीर के साथ वांटेड लिखा दिया गया था। जब वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों ने इस पोस्टर को देखा तब इसे वहां से हटाया गया। एक भारतीय अधिकारी ने बताया कि इस घटना को स्थानीय प्राधिकारियों के सामने उठाया गया है। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने 15 अगस्त को भारतीय मिशनों के घेराव की चेतावनी दे रखी है।

**पिछले महीने भी लगाए गए थे ऐसे पोस्टर**

निज्जर की हत्या के बाद पिछले महीने 16 जुलाई को ग्रेटर टोरंटो एरिया में विभिन्न स्थानों पर इसी तरह के कई पोस्टर दिखाई दिए थे। कनाडा के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका में भी खालिस्तान समर्थकों ने इस तरह के पोस्टर लगाए थे। खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा समेत कुछ देशों में पिछले महीने भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन की योजना बनाई थी। हालांकि कनाडा में भारतीय दूतावास के सामने देशभक्तों की भीड़ के जुटने से अलगाववादी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए थे। ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भी सुरक्षा बलों ने उन्हें कोई कदम नहीं उठाने दिया। कनाडा के अलग-अलग शहरों में वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों के पोस्टर लगाए जाने से उत्पन्न सुरक्षा खतरे को देखते हुए खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले को कनाडा के विदेश मंत्री के सामने उठाया था। इसके बाद ही कनाडा ने भारतीय दूतावासों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 04 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## वडोदरा में क्रेन टूटने से 1 की मौत, 7 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा**
वडोदरा जिले के कंबोला गांव के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में लगी एक क्रेन के टूट जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 1 मजदूर की मौत हो गई और 7 घायल हो गए। घायलों में एक मजूदर के पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य 6 को मामुली चोटें आई हैं। घायलों को वडोदरा के हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

**गार्डर रखने के दौरान हुआ हादसा:** गुरुवार सुबह एक क्रेन बुलेट ट्रेन के ब्रिज का गार्डर रख रही थी थी। इसी दौरान क्रेन का तार टूट गया और क्रेन का एक हिस्सा मजदूरों पर आ गिरा। मौके पर मौजूद इंजीनियर और अन्य मजूदरों ने सभी घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, तब तक एक मजदूर की मौत हो चुकी थी।

**क्रेन का व्हील बेस जाम हो गया था:** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार, वडोदरा के पास करजन में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर निर्माण स्थल पर क्रेन 1100 टन वजनी गार्डर को नीचे उतार रही थी। इसी दौरान अचानक क्रेन का व्हील बेस जाम हो गया और क्रेन का एक हिस्सा टूट गया। एक मजदूर सीधे क्रेन के टूटे हिस्से के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, छह अन्य श्रमिकों को मामूली चोटें आई हैं। घटना को लेकर मजदूरों ने सुपरवाइजर पर गुस्सा जताया. विधायक, मामलतदार समेत अधिकारी और नेता मौके पर पहुंच गए हैं।

## अब भैसारी गांव भी खतरे की जद में

**गुप्तकाशी।** लगातार हो रही बरसात के कारण गुप्तकाशी के निकट भैंसारी गांव के नीचे भू धंसाव होने से अब गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। आलम यह है कि ग्रामीण खौफ से रात को चैन से सो नही पा रहे हैं। वर्ष 2013 की आपदा के बाद मंदाकिनी नदी के कटाव के कारण यहां जगह जगह धंसाव हो रहा है। इससे पूर्व इसी आपदा के दौरान निकटवर्ती सेमी गांव भी बीस फीसद जमीदोंज हो चुका है। प्रशासन ने अति संवेदनशील क्षेत्र में निवासरत पीड़ित परिवारों को अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर बसा दिया है, लेकिन अब भैसारी गांव पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र नेगी, कैलाश बिष्ट आशीष राणा ने बताया की गांव की सुरक्षा देते नदी तट पर पक्की सुरक्षा दीवार निर्मित किए जाने की कई बार मांग की है, लेकिन लम्बा वक्त गुजरने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो पाया है।

# 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार: द्रौपदी मुर्मू

### सभी भाषाएं मेरी अपनी, राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में

संगम

राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में दिखाई देता रहता है: राष्ट्रपति





**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल में कहा, 'आज 140 करोड़ देशवासियों का मेरा परिवार है। सभी भाषाएं और बोलियां मेरी अपनी हैं। हमारी परंपरा में 'यत्र विश्वम भत्येकनीडम' (जहां सारा विश्व चिड़ियों का एक घोंसला बनके रहे ) की भावना प्राचीनकाल से है। राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व के आदर्श का संगम हमारे देश में दिखाई देता रहता है।' गुरुवार को प्रेसिडेंट भोपाल के रविंद्र भवन में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव में शामिल हुईं। शुभारंभ कर उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद अब तक मेरी सबसे अधिक यात्राएं मध्यप्रदेश में हुई हैं। यह मेरी एमपी में 5वीं यात्रा है।' 'उत्कर्ष उत्सव' 3 से 5 अगस्त तक चलेगा। 'उन्मेष उत्सव' 3 से 6 अगस्त तक चलेगा। देशभर के 500 कलाकार इस कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुति देंगे। संस्कृति मंत्रालय के संगीत नाटक एवं साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। पिछली बार शिमला में यह आयोजन हुआ था। मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहा है।

**साहित्य जुड़ता भी है और जोड़ता भी है:** प्रेसिडेंट ने कहा, 'साहित्य और कला ने मानवता को बचाए रखा है। साहित्य जुड़ता भी है और लोगों को जोड़ता भी है। हमारा सामूहिक प्रयास अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखने का होना चाहिए। हमारे जनजाती समुदाय के भाई-बहन और युवा आधुनिक विकास में भागीदार बनें।' प्रेसिडेंट ने कहा, 'भारत में 700 कम्युनिटी के आदिवासी, लेकिन उनकी भाषाएं इससे ज्यादा हैं। भाषाओं को बचाकर रखना लेखकों का कर्तव्य है। यह हम सभी का भी दायित्व है।' कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा, 'दिल, दिमाग और आत्मशक्ति के समन्वय से रचना का सृजन होता है।

### 'आपका स्वागत, लेकिन मणिपुर पर भी प्रतिक्रिया दें'

**राष्ट्रपति** के भोपाल दौरे पर कांग्रेस के विभागों और प्रकोष्ठ की प्रभारी शोभा ओझा ने ट्वीट कर कहा, 'आपका मध्यप्रदेश में स्वागत है। लेकिन, बेहतर होता कि आप पहले मणिपुर के हालातों पर अपनी प्रतिक्रिया देतीं, चिंता जाहिर करतीं। प्रधानमंत्री पर यह दबाव डालतीं कि वे तत्काल संसद को संबोधित करें। आप आदिवासी समाज की आदर्श हैं। रोल मॉडल हैं। आपको 'उत्कर्ष और उन्मेष' जैसे उत्सवों में शामिल होने से ऐसे समय बचना चाहिए, जब देश में आदिवासियों के 'अपकर्ष' और 'दमन' का दुखद और हिंसक दौर अपना विकराल रूप ले चुका है।'

**'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव में ये इवेंट्स होंगे:** 3 से 6 अगस्त तक चलने वाले उत्सव में अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव मनाया जा रहा है। इसमें बहुभाषी कविता पाठ, लेखन पाठ, आदिवासी कवि सम्मेलन, साहित्य के विषयों पर परिचर्चा होगी।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड को संबोधित किया।

## अमृतसर में पुलिस-तस्कर के बीच फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में देर रात पुलिस व तस्कर के बीच फायरिंग हुई। पीछा करते हुए अमृतसर पुलिस ने आरोपी की गाड़ी को टक्कर मार रोक लिया। तलाशी के दौरान तस्कर से अवैध हथियार और तकरीबन 7 करोड़ रुपए की हेरोइन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने थाना चाटीविंड में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमृतसर स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि तस्कर गुरलाल सिंह पुत्र संतोख सिंह निवासी धनोये खुर्द अपनी नई थार कार में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ लेकर तरनतारन से अमृतसर की तरफ आ रहा है। स्थानीय पुलिस की तरफ से टी पॉइंट सुखेवाल पर नाका लगा लिया। आरोपी नाके पर पहुंचा तो उसे कार रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और नाका तोड़कर अमृतसर की और भाग गया। पुलिस और तस्कर के बीच कई गोलियां चलीं।

## नीट की तैयारी कर रहे एक और स्टूडेंट का सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया/कोटा**
**कोटा** में कोचिंग स्टूडेंट की मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक और स्टूडेंट ने हॉस्टल में सुसाइड कर लिया है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का मुंह पॉलीथिन से ढका था। घटना गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे विज्ञान नगर थाना क्षेत्र के ढकनिया इलाके की है। मृतक मनजोत छाबड़ा (18) पुत्र हरजोत सिंह छाबड़ा रामपुर (उत्तर प्रदेश) की तहसील मिलक क्षेत्र का रहने वाला था। वह यहां एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। स्टूडेंट के मौत की सूचना के बाद डीएसपी धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और पुलिस इसे सुसाइड ही मान रही है।

**4 महीने पहले आया था कोटा, रूम में अकेला रहता था:** डीएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मनजोत 4 महीने पहले ही कोटा आया और यहां हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बुधवार शाम करीब 8 बजे बाद वह कोचिंग क्लास अटैंड कर आया था। इसके बाद से वह अपने रूम में ही था। गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे तक जब वह रूम से नहीं निकला तो हॉस्टल में रहने वाले दोस्तों ने उसे कॉल किया। कॉल रिसीव नहीं करने पर रूम में देखा तो अंदर से लॉक लगा हुआ था, जिसके बाद कोचिंग संचालक को सुबह 10 बजे जानकारी दी। कोचिंग से पुलिस को इस घटना के बारे में बताया गया तो टीम करीब सवा दस बजे तक हॉस्टल पहुंची।

डिप्रेशन

जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का मुंह पॉलीथिन से ढका था। घटना गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे की है

## बंगाल में घर पर नहीं रख सकेंगे भारतीय पक्षी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल सरकार का कहना है कि अगर कोई विदेशी पक्षी रखना चाहता है तो लाइसेंस जारी किया जाएगा। इसके लिए व्यक्ति को 15 हजार चुकाने होंगे। पश्चिम बंगाल में अब लोग भारतीय प्रजाति के पक्षियों को घर पर नहीं रख पाएंगे। वन विभाग घर में पक्षियों को रखने पर रोक लगाने के लिए अधिसूचना जारी करेगा। विदेशी पक्षियों को रखने के लिए वन विभाग से लाइसेंस लेना पड़ेगा। कोलकाता के मिनी चिड़ियाघर में 6 अफ्रीकी शेरों को लाया जाएगा।



**भारतीय पक्षियों को पालतू तौर से घर पर नहीं रख सकेगें:** पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने मंगलवार (1 अगस्त) को कहा कि लोग अब भारतीय प्रजाति के पक्षियों जैसे तोता, कोकैटू, मुनिया आदि को पिंजरे में बंद कर पालतू जानवर के रूप में घर पर नहीं रख पाएंगे। पक्षियों को घर में रखने पर रोक लगाने के लिए वन विभाग जल्द ही एक अधिसूचना जारी करेगा। कानून अगस्त के अंत तक लागू हो जाएगा।

मंत्री मलिक ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति विदेशी प्रजातियों के पक्षियों जैसे मैको को रखना चाहता है तो वन विभाग सभी जरूरी स्थितियों के देखने बाद उसे लाइसेंस जारी करेगा। व्यक्ति को लाइसेंस की फीस के तौर पर 15 हजार रुपए देने होंगे। लाइसेंस के संबंध में एक ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है, जो इस महीने के अंत तक लागू होगा।

## नाले में 3 साल की बच्ची का धड़ मिला

**टीम एक्शन इंडिया/करीमनगर**
**तेलंगाना** के करीमनगर में 3 साल की बच्ची की सिर कटी लाश गुरुवार (3 अगस्त) को नाले में मिली। कृतिका नाम की बच्ची 27 जुलाई से लापता थी। मृतक के माता-पिता मध्य प्रदेश के बालाघाट से करीमनगर शिफ्ट हुए थे। उन्होंने बच्ची के लापता होने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने पर डेड बॉडी को मॉचुर्री में रख दिया है। आखिरी बार बच्ची को सीसीटीवी फुटेज में घर से दूर जाते हुए देखा गया था। मौत के कारण की जांच की जा रही है। **2 अगस्त को कुशीनगर में 12 साल के बच्चे का शव में पानी में उतराता मिला था:** कुशीनगर में को 12 साल के शिवांत का शव पानी में उतराता हुआ मिला था। मृतक के घर वालों का आरोप है कि किडनैप करने के बाद हत्या की गई। वहीं, सीओ कसया कुंदन सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी। फोरेंसिक व डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है। तीन दिन पहले किचन के गेट पर 9 साल की बच्ची की लाश रस्सी से लटकती मिली थी। मामला कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र का है।

मचा हड़कंप

बच्ची के लापता होने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलने पर डेड बॉडी को मॉचुर्री में रख दिया है




**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होनें से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।**

-व्यवस्थापक



MARUTI nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB COMPLETE CTP UNIT BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546